● जयपुर, गुरुवार 2 जनवरी 25 ● वर्ष 14 ● अंक 135 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

# चमकता राजस्थान

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

“सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।”

● **स्वामी विवेकानंद**

पेज @3 करौली जिले की थाना सपोटरा व डीएसटी की नशे के विरुद्ध कार्रवाई...

पेज @4 बाईक सवार तीन युवक नहर में गिरे, तीनों की मौत...

पेज @8 गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफा लेने और माफी मांगने की मांग, अंबेडकरवादी...

**न्यूज़ अपडेट**

## बलिया में मंत्री संजय निषाद के काफिले की एक गाड़ी पलटी, पांच घायल

**बलिया/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश बलिया के खेजुरी थाना क्षेत्र के पास मंगलवार की देर रात्रि निषाद पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद के काफिले के संग चल रही एक गाड़ी पलट गयी। जिसमें पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को काफिले के संग चल रहे लोगों ने आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया। निषाद पार्टी के सोशल मीडिया प्रभारी और कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के सहयोगी राकेश निषाद ने बताया कि हम लोग मंत्री जी के काफिले में चल रहे थे कि अचानक मोड़ आने पर गाड़ी पलट गई और गाड़ी सवार पांच लोग घायल हो गए। हालांकि हम लोगों को भगवान ने बचा लिया। उन्होंने बताया कि संवैधानिक रथ यात्रा में शामिल होने के लिए गोरखपुर से बलिया निकले थे। तभी यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि हादसे में कुल पांच लोग घायल हुए हैं। जिसमें तीन अभी भर्ती हैं जबकि दो लोग रात में डिस्चार्ज हो गए हैं। अभी सभी लोग ठीक हैं। हादसे के समय मंत्री जी की गाड़ी आगे थी। जब घायल हुए तो वह हम लोगों को अस्पताल में भर्ती कराने आए थे। वह रातभर अस्पताल में बैठे थे। सभी लोग अलग-अलग जिले के रहने वाले हैं। मंत्री संजय निषाद ने बताया कि यह लोग गाड़ी से पीछे चल रहे थे कि अचानक जानवर आ गए। उन्हें बचाने के चक्कर में यह हादसा हो गया। हल्की चोटें आई थी। सभी का इलाज करवाया जा रहा है।

## महाराष्ट्र के जलगांव में दो गुटों के बीच पथराव-आगजनी, कर्फ्यू लगाया गया

**जलगांव/एजेंसी।** महाराष्ट्र के जलगांव जिला स्थित पलाधी गांव में बीती रात दो गुटों के बीच टकराव के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया है। यह विवाद वाहन के हॉर्न बजाने को लेकर शुरू हुआ। कथित तौर पर विवाद तब शुरू हुआ जब शिवसेना मंत्री गुलाबराव पाटिल के परिवार को ले जा रहे वाहन चालक ने हॉर्न बजाया, जिससे लोग नाराज हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कहासुनी मंगलवार साढ़े नौ बजे के यह विवाद मारपीट में बदल गया और जल्द ही इसने पथराव और आगजनी का रूप ले लिया। गुस्साई भीड़ ने दुकानों और वाहनों में आग लगा दी और पथराव किया। घटना के बाद जलगांव के विभिन्न इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने इस मामले में 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और करीब 10 लोगों को हिरासत में लिया है। एहतियातन कर्फ्यू लगा दिया गया है। मामले की जांच जारी है। जलगांव एएसपी कविता नेरकर ने बताया कि गांव में अब किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति पैदा ना हो इसके लिए बुधवार शाम तक के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। साथ ही गांववालों से अपील की गई कि कोई भी कानून के खिलाफ ना जाए।

### नए साल की पहली कैबिनेट बैठक किसानों के नाम

# फसल बीमा योजना की धनराशि बढ़ी

**2025-26 तक देशभर के किसानों के लिए गैर-रोकथाम योग्य प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के जोखिम कवरेज में मदद मिलेगी**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नए साल के पहले दिन बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई, जो किसानों को समर्पित रही। इस बैठक में मोदी सरकार ने देश के किसानों के लिए दो बड़े फैसले लिये। फसल बीमा योजना के आवंटन को बढ़ाकर 69,515 करोड़ रुपये करने को मंजूरी दी गई।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। वैष्णव ने कहा कि इस निर्णय से 2025-26 तक देशभर के किसानों के लिए गैर-रोकथाम योग्य प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के जोखिम कवरेज में मदद मिलेगी।

इसके अलावा योजना के क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी के उपयोग से पारदर्शिता और दावों की गणना तथा निपटान में वृद्धि होगी। इसके लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 824.77 करोड़ रुपये की राशि के साथ नवाचार और प्रौद्योगिकी कोष (एफआईएटी) के निर्माण को भी मंजूरी दी है। इस कोष का उपयोग योजना के तहत प्रौद्योगिकी पहलों जैसे यस-टेक, विंड्स आदि के साथ-साथ अनुसंधान और विकास अध्ययनों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।

**मौसम स्टेशन और पंचायत स्तर पर स्वचालित वर्षा गेज स्थापित करने की परिकल्पना की गई**

प्रौद्योगिकी आधारित उपज अनुमानों के लिए न्यूनतम 30 प्रतिशत भार के साथ रिमोट सेंसिंग प्रौद्योगिकी उपयोग की जाती है। वर्तमान में 9 प्रमुख राज्य इसे लागू कर रहे हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश, असम, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु और कर्नाटक शामिल हैं। अन्य राज्यों को भी तेजी से इसमें शामिल किया जा रहा है। इस प्रौद्योगिकी के व्यापक कार्यान्वयन के साथ फसल कटाई प्रयोग और संबंधित मुद्दे धीरे-धीरे समाप्त हो जाएंगे। वैष्णव ने कहा कि मध्य प्रदेश ने 100 प्रतिशत प्रौद्योगिकी आधारित उपज अनुमान को अपनाया है। मौसम सूचना और नेटवर्क डेटा सिस्टम में ब्लॉक स्तर पर स्वचालित मौसम स्टेशन और पंचायत स्तर पर स्वचालित वर्षा गेज स्थापित करने की परिकल्पना की गई है। नौ प्रमुख राज्य प्रौद्योगिकी आधारित उपज अनुमान को लागू करने की प्रक्रिया में हैं, जिनमें केरल, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पुडुचेरी, असम, ओडिशा, कर्नाटक, उत्तराखंड और राजस्थान शामिल हैं। अन्य राज्यों ने भी इसे लागू करने की इच्छा व्यक्त की है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 90:10 के अनुपात में उच्च केंद्रीय निधि साझाकरण के साथ राज्य सरकारों को लाभ देने के लिए पहले 2023-24 की तुलना में 2024-25 को प्रौद्योगिकी आधारित उपज अनुमान के कार्यान्वयन के पहले वर्ष के रूप में अनुमोदित किया है।

**बर्फबारी का कर रहे इंतजार**

## नए साल पर शिमला पहुंचे पर्यटक



**शिमला/एजेंसी**

नए साल से पहले हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है। शिमला में पर्यटक नए साल के बीच बर्फबारी का आनंद लेने भी पहुंचते हैं। इस बार बर्फबारी में देरी की वजह से पर्यटक इंतजार कर रहे हैं। इन दिनों यहां होटल 90 फीसदी तक भरे हैं। अनुमान के मुताबिक, अगर पर्यटकों का तांता ऐसे ही लगा रहा तो 31 दिसंबर तक होटल पूरी तरह भर जाएंगे। नए साल की छुट्टियां मनाने के लिए पर्यटक शिमला के प्रमुख आकर्षण स्थलों पर जा रहे हैं और बर्फबारी का इंतजार कर रहे हैं। होटल और रिसॉर्ट्स में रुकने के लिए बड़ी संख्या में बुकिंग हो चुकी है। शिमला के वातावरण में खुशी और उत्साह का माहौल है, और पर्यटक इस समय यहां के सुंदर दृश्य और ताजगी का पूरा लुत्फ उठा रहे हैं।

दिल्ली के दिलशाद गार्डन के रहने वाले मोहम्मद साद ने बताया, जब हम यहां पहुंचे थे, तो बर्फबारी हो रही थी और न्यू ईयर मनाने के लिए हम शिमला आए थे।

### नए साल के पहले दिन हत्याकांड से दहला लखनऊ

# सिरफिरे बेटे ने मां और चार बहनों को मार डाला

**होटल में दिया खौफनाक वारदात को अंजाम**

**लखनऊ/एजेंसी।**

नए साल के पहले दिन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ एक दिल दहला देने वाली घटना का गवाह बनी। एक सिरफिरे बेटे ने अपनी मां और चार बहनों की बेरहमी से हत्या कर दी। खौफनाक वारदात एक होटल में अंजाम दी गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिससे पूछताछ जारी है।

30 दिसंबर को परिवार ने होटल शरणजीत में कमरा किराए पर लिया. सोमवार सुबह होटल स्टाफ ने जब कमरे में बिखरी पांच लाशें देखीं तो उनकी चीख निकल गई. फौरन इस बारे में पुलिस को सूचना दी गई. आरोपी भी उस वक्त कमरे में ही मौजूद था. उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. फिर आरोपी ने हत्याकांड की पूरी कहानी सुनानी शुरू की. आरोपी का नाम अरशद है. मृतकों में अरशद की मां अस्मा और चार बहनें आलिया (उम्र 9 वर्ष), अल्शिया (उम्र 19 वर्ष), अक्सा (उम्र 16 वर्ष) और रहमीन (उम्र 18 वर्ष) शामिल हैं. वहीं, अरशद के पिता फिलहाल मौके से फरार हैं. कयास लगाए जा रहे हैं कि वो भी इस हत्याकांड में शामिल हो सकते हैं. पुलिस की टीम अरशद के पिता की तलाश में जुटी है.

**● हाथ-गले पर हमले के निशान**

जॉइन्ट सीपी बबलू कुमार ने बताया- अरशद ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है. उसे आगे की



पूछताछ जारी है. होटल शरणजीत के स्टाफ ने हमें हत्याकांड की सूचना दी थी. आरोपी अरशद के पिता को भी ढूंढा जा रहा है. हो सकता है कि उनका भी इस हत्याकांड में कोई हाथ हो. जब अरशद के पिता की गिरफ्तारी होगी, तभी इस बात की पुष्टि हो पाएगी. फिलहाल पुलिस ने घटनास्थल से सभी सबूत इक्का कर लिए हैं. मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है. सभी के हाथ और गले पर धारधार हथियार से हमले के निशान मिले हैं.

**● पारिवारिक कलह वजह?**

मामला थाना नाका थानाक्षेत्र का है. जानकारी के मुताबिक, होटल शरणजीत में अरशद नाम के युवक ने अपनी मां और चार बहनों की हत्या कर दी. हत्या करने की वजह पारिवारिक कलह बताई जा रही है. आरोपी अरशद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. शुरुआती पूछताछ में आरोपी ने हत्या करने का कारण पारिवारिक कलह बताया है. हालांकि सच क्या है. इसकी जांच अभी पुलिस कर रही है.


### रक्षा मंत्रालय ने 21वीं सदी की चुनौतियों के बीच 2025 को 'सुधारों का वर्ष'घोषित किया

# भविष्य के युद्धों को जीतने के लिए रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाएं विकसित करने पर जोर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने मौजूदा और भविष्य के सुधारों को गति देने के लिए 2025 को 'सुधारों का वर्ष' के रूप में मनाने का फैसला लिया है। इसका उद्देश्य सशस्त्र बलों को बहु-क्षेत्रीय एकीकृत संचालन में सक्षम तकनीकी रूप से उन्नत युद्ध-तैयार बल में बदलना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सुधारों का वर्ष सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह वर्ष रक्षा तैयारियों में अभूतपूर्व प्रगति की नींव रखने के साथ ही 21वीं सदी की चुनौतियों के बीच भारत की सुरक्षा और संप्रभुता सुनिश्चित करेगा।

रक्षा मंत्री ने नए साल की पूर्व संध्या पर रक्षा मंत्रालय के सभी सचिवों के साथ विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं, सुधारों और आगे की राह की प्रगति की समीक्षा करने के लिए एक बैठक की। बैठक में 2025 में केंद्रित हस्तक्षेप के लिए व्यापक क्षेत्रों की पहचान की गई। बैठक में कहा गया कि सुधारों का उद्देश्य संयुक्तता और एकीकरण पहल को और मजबूत करने तथा एकीकृत थिएटर कमांड की स्थापना को सुगम बनाने के लिए होना चाहिए। इन



सुधारों में साइबर और अंतरिक्ष जैसे नए क्षेत्रों तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, हाइपरसोनिक और रोबोटिक्स जैसी उभरती हुई तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। भविष्य के युद्धों को जीतने के लिए आवश्यक संबद्ध रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाएं भी विकसित की जानी चाहिए।

बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि इन सुधारों का उद्देश्य भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाना, भविष्य की चुनौतियों के लिए तत्परता सुनिश्चित करना और वैश्विक मंच पर नवाचार और नेतृत्व को बढ़ावा देना है। तीनों सेनाएं अंतर-सेवा सहयोग और प्रशिक्षण के माध्यम से परिचालन आवश्यकताओं और संयुक्त परिचालन क्षमताओं की साझा समझ विकसित करें।

**रक्षा क्षेत्र और नागरिक उद्योगों के बीच निजी भागीदारी को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए**

अधिग्रहण प्रक्रियाओं को सरल और समय-संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है, ताकि तेज और मजबूत क्षमता विकास को सुगम बनाया जा सके। इसके अलावा रक्षा क्षेत्र और नागरिक उद्योगों के बीच प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और ज्ञान साझाकरण को सुगम बनाने और सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए। बैठक में फैसला लिया गया कि भारत को रक्षा उत्पादों के विश्वसनीय निर्यातक के रूप में स्थापित करने, भारतीय उद्योगों और विदेशी मूल उपकरण निमार्ताओं के बीच अनुसंधान एवं विकास और साझेदारी को बढ़ावा देने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। इसके अलावा स्वदेशी क्षमताओं के माध्यम से वैश्विक मानकों को प्राप्त करने में आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के साथ ही देश की परिस्थितियों के अनुकूल आधुनिक सेनाओं से सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने पर जोर दिया गया। इस वर्ष प्रमुख पहलों में सुव्यवस्थित संचालन के लिए एकीकृत थिएटर कमांड की स्थापना, एआई और रोबोटिक्स जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाना, स्वदेशी रक्षा उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देना और वैश्विक साझेदारी को मजबूत करना शामिल है।

## अनियंत्रित होकर बाइक नहर में गिरी, तीन युवकों की मौत

**सासाराम/एजेंसी।** बिहार के रोहतास जिले के सूर्यपुरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक बाइक के अनियंत्रित होकर नहर में गिरने से तीन युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दिल्ली में कड़ाके की ठंड के बीच हवा खराब श्रेणी में पहुंची



**नई दिल्ली/एजेंसी।**

नए साल के पहले दिन दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में रही। सुबह 8 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 239 दर्ज किया गया। जो खराब श्रेणी में माना जाता है। दिल्ली में सोमवार को वायु गुणवत्ता में थोड़ा सुधार हुआ तथा बीते सप्ताह में हुई भारी वर्षा के बाद इसका स्तर मध्यम श्रेणी में पहुंच गया।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, नए साल के दिन दिल्ली में न्यूनतम तापमान 8.05 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि साफ आसमान के बीच अधिकतम तापमान 17.98 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में बताया गया कि 2024 में अच्छे से मध्यम वायु गुणवत्ता वाले दिनों की संख्या अच्छी खासी दर्ज की गई। यह उपलब्धि 2020 (कोविड काल) के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन में निरंतर प्रगति को दर्शाता है। एक प्रेस विज्ञप्ति में, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने इस उपलब्धि का श्रेय 2024 में सभी हितधारकों द्वारा किए गए निरंतर और सहयोगात्मक प्रयासों को दिया। इस साल रिकॉर्ड 209 दिन ऐसे रहे जब एक्यूआई 200 से नीचे रहा, जो अच्छे से मध्यम श्रेणी में रहा।

**निरीक्षण** एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा ने संभाली वायु सेना की पश्चिमी कमांड

# गार्ड ऑफ ऑनर का किया निरीक्षण, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश की आजादी के बाद भारत में लगभग सभी प्रमुख ऑपरेशन में शामिल रही वायु सेना की पश्चिमी कमांड की कमान बुधवार को एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा ने संभाल ली है। उन्होंने एयर मार्शल पंकज मोहन सिन्हा का स्थान लिया, जो वायु सेना में 39 वर्षों से अधिक की विशिष्ट सेवा देने के बाद 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए। एयर मार्शल मिश्रा ने कार्यभार संभालने से पहले मुख्यालय डब्ल्यूएसी में गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

भारतीय वायु सेना के एयर मार्शल

**मिश्रा के पास 3000 घंटे से अधिक उड़ान का है अनुभव**



पीएम सिन्हा साढ़े 29 साल की समर्पित सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने पश्चिमी वायु कमान की तत्परता और सभी सौंपे गए कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के संकल्प को और मजबूत किया है। पश्चिमी वायु कमान उनके दिखाए मार्ग से प्रेरणा लेती रहेगी। उन्हें अति विशिष्ट सेवा पदक और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है। एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा ने एयर मार्शल पंकज मोहन सिन्हा का स्थान लिया है और उन्होंने आज भारतीय वायु सेना की पश्चिमी वायु कमान की कमान संभाली।

एयर मार्शल मिश्रा दिसंबर, 1986 में लड़ाकू पायलट के रूप में भारतीय वायु सेना में शामिल हुए थे। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे, एयर फोर्स टेस्ट पायलट स्कूल, बेंगलुरु, एयर कमांड एंड स्टाफ कॉलेज, यूएसए और रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज, यूके के पूर्व छात्र हैं। फाइटर कॉम्बैट लीडर और प्रायोगिक टेस्ट पायलट एयर मार्शल मिश्रा के पास 3000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है।

अपने 38 साल से ज्यादा के सेवा करियर में एयर मार्शल ने कई महत्वपूर्ण कमांड और स्टाफ नियुक्तियां की हैं। एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा को अति विशिष्ट सेवा पदक और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

अपनी वर्तमान नियुक्ति से पहले एयर मार्शल मिश्रा इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (ऑपरेशन) के डिप्टी चीफ थे। इससे पहले वे एक फाइटर स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर, एयरक्राफ्ट एंड सिस्टम्स टेस्टिंग इस्टैब्लिशमेंट (एएसटीई) में चीफ टेस्ट पायलट, दो फ्रंटलाइन एयरबेस के एयर ऑफिसर कमांडिंग, डायरेक्टर (ऑपरेशनल प्लानिंग एंड असेसमेंट ग्रुप), प्रिंसिपल डायरेक्टर (एएसआर) और एयर मुख्यालय (वीबी) में असिस्टेंट चीफ ऑफ एयर स्टाफ (प्रोजेक्ट्स), कमांडेंट एएसटीई और इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के डिप्टी चीफ (सिद्धांत, संगठन और प्रशिक्षण) के पद पर रह चुके हैं। उन्होंने कार्यभार संभालने से पहले डब्ल्यूएसी के मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण ?किया और कमान संभालने के बाद राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

नई दिल्ली के सुब्रतो पार्क में स्थित वेस्ट एयर कमांड मुख्यालय के नियंत्रण में 200 से अधिक एयरबेस आते हैं और यह कमांड देश की आजादी के बाद भारत में लगभग सभी प्रमुख ऑपरेशन में शामिल रही है। भौगोलिक स्थिति के कारण किसी भी ऑपरेशन के दौरान यह हमेशा से मुख्य केंद्र रहा है।

## राजस्थान में कई जिलों की समाप्ति के निर्णय का होगा दूरगामी लाभ


राजनीतिक लाभ–हानि से जुड़े निर्णयों को बदलना किसी भी लोकतांत्रिक सरकार के लिए जोखिम से कम नहीं होता। इस तरह के निर्णय में सरकारों को काफी संकोच करना पड़ता है क्योंकि किसी भी निर्णय को बदलते समय राजनीतिक गुणा–भाग देखा जाता है। यही कारण है कि कई निर्णय ऐसे होते हैं जिनके लाख चाहने और प्रशासनिक दृष्टि से सही नहीं होने पर भी सरकारें ढोए जाती हैं। इस मायने में राजस्थान की सरकार की सराहना करनी पड़ेगी कि राजनीतिक दृष्टि से निर्णय लेना मुश्किल व जोखिम भरा होने के बावजूद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व सरकार के समय के जिले बनाने के निर्णय का परीक्षण कर 9 जिले और 3 संभाग समाप्त करने का निर्णय लेने में हिचकिचाहट नहीं दिखाई।

अब प्रदेश में 41 जिले और 7 संभाग रह गए हैं। दूदू, केकड़ी, शाहपुरा, नीम का थाना, अनूपगढ़, गंगापुरसिटी, जयपुर ग्रामीण, जोधपुर ग्रामीण और सांचौर जिला और बांसवाड़ा, सीकर और पाली संभाग को समाप्त करने का निर्णय ले लिया। निश्चित रूप से शुरुआत में इसका विरोध होगा, राजनीति से जुड़े लोगों द्वारा हवा दी जाएगी पर जब कोई दूरगामी जनहित का निर्णय लिया जाता है तो देर–सबेर जनता उसे स्वीकार भी कर लेती है। राज्य सरकार द्वारा यही निर्णय नई सरकार बनते ही लिया जाता तो उसके मायने कुछ अलग होते और उस पर राजनीतिक द्वेष का ठप्पा लगता वह अलग। आज भले विपक्ष द्वारा इस निर्णय पर प्रश्न उठाये जा रहे हों पर सही मायने में देखा जाए तो यह पूरी तरह से प्रशासनिक निर्णय है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व सरकार के नए जिले बनाने के निर्णय का परीक्षण करने के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व वरिष्ठ प्राषासनिक अधिकारी डॉ. ललित पंवार की अध्यक्षता में समिति गठित कर परीक्षण करवाया और फिर राजनीतिक स्तर पर मंत्रिमण्डलीय समिति बनाकर सभी पक्षों का अध्ययन कर रिपोर्ट आने पर मंत्रिमण्डल की बैठक में मोहर लगाई गई। लिहाजा, एक बात साफ हो जानी चाहिए कि यह निर्णय किसी भी मायने में जल्दबाजी या राजनीतिक लाभ के लिए ना होकर पूरी तरह से प्रशासनिक दक्षता के लिए लिया गया है। हालांकि पूर्व सरकार ने नए जिले बनाने के लिए भले प्रशासनिक कमेटी बनाकर रिपोर्ट प्राप्त कर नए जिले बनाने का निर्णय किया पर यह साफ हो जाना चाहिए कि चुनाव नजदीक होने के कारण पूर्व सरकार द्वारा नए जिले बनाने के निर्णय को आमलोगों ने पूरी तरह से राजनीतिक निर्णय के रुप में ही देखा गया।

भजनलाल शर्मा ने पूर्व सरकार द्वारा गठित नए जिलों के गठन का प्रशासनिक दृष्टि से परीक्षण करवाया। इसमें दो राय नहीं कि शुरुआत में इन जिलों और संभागों को समाप्त करने के निर्णय का विरोध हो रहा है पर यह इसलिए अधिक असर नहीं दिखा पाएगा कि आम नागरिक अच्छी तरह से समझता है कि अधिक और छोटे जिले बनने से सरकारी खर्चे बढ़ने के अलावा खास प्राप्त होने वाला नहीं है। नए जिलों के लिए शुरुआती दौर में ही एक जिले के लिए कम से कम एक हजार करोड़ की व्यवस्था करनी होगी। जिला कलक्टर और जिला पुलिस एसपी के दफ्तर तो तत्काल शुरू करने के साथ ही अन्य विभागों के भी दफ्तर जिला स्तर पर खोलने से ही वास्तविक लाभ प्राप्त हो सकता है। अब इसे यों देखा जाए कि इस सबके लिए कितना बड़ा प्रशासनिक अमला तैयार करना होगा, कितनी अधिक आधारभूत सुविधाएं विकसित करनी होगी। सरकारी ऑफिस, सरकारी बंगले और ना जाने कितने ही कार्यों के लिए स्थान और आधारभूत संरचना विकसित करने के साथ ही अधिकारियों–कर्मचारियों की नियुक्ति करनी होगी। इसके साथ ही अन्य सुविधाएं और अन्य सेवाएं अलग होगी। हमारे सामने पुराने उदाहरण है जब राजसमंद, प्रतापमढ़, दौसा जिले बनाए गए और करौली व प्रतापगढ़ जिले का गठन किया गया। अब सबके सामने है कि इन जिलों को सही मायने में जिलों का आकार लेने में कितना समय लगा। आज भी कई स्थानों पर फिजिबल नहीं होने के कारण जिला सहकारी बैंक नहीं खुल पाएं है तो कई अन्य सरकारी दफ्तर शुरू नहीं हो पाये हैं। दरअसल जन हितकारी सरकार की पहचान लोकहित में दूरगामी परिणामों को देखते हुए निर्णय लेना होता है। लोकतंत्र में बहुत से निर्णय राजनीतिक प्रतिबद्धता के कारण न चाहते हुए भी लेने होते हैं तो कई बार ऐसा भी लगता है कि ऐन केन प्रकारेण सत्ता में बने रहने के लिए इस तरह के निर्णय ले लिए जाते हैं। प्रशासनिक दक्षता और लोकहितकारी सरकार की पहचान जनहित में कड़वे निर्णय लेने में भी संकोच नहीं करना होता है। सरकार की संवेदनशीलता और प्रशासनिक दक्षता का भी इसी से पता चलता है। खासतौर से राजनीतिक लाभ–हानि से लिए गए निर्णय से अधिक भला नहीं हो पाता है। सरकार की प्रशासनिक और लोकहितकारी होने का इसी से पता चलता है कि वह जनहित में जोखिम भरे निर्णय लेने में भी संकोच ना करें।

लोकतंत्र में जनता का हित बड़ी बात होनी चाहिए क्योंकि सरकार द्वारा निर्णयों का असर दूर तक जाता है। कड़वे निर्णय यदि लोकहित में होते हैं तो जनता ऐसे निर्णयों को हाथोंहाथ लेती है। इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार बनने के पहले साल में ही बड़े निर्णय कर सबको चौंका दिया। राजनीतिक लाभ–हानि से परे हटकर मुख्यमंत्री ने 9 जिले और 3 संभाग समाप्त करने का निर्णय व्यापक जनहित में ही देखा जाना चाहिए। आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि सरकार को अपने प्रशासनिक खर्चों को एक सीमा तक रखना चाहिए। सबकुछ जानते हुए भी होता इसके विपरीत ही है। सरकार राजस्व का अधिकांश खर्चा अपने प्रशासनिक दायित्वों, वेतन–सुविधाओं में ही खर्च कर देती है। नए जिले और संभाग बनने से प्रशासनिक खर्च बढ़ना स्वाभाविक है। दूसरी बात यह है कि नए जिले या संभाग बनाने के स्थान पर सरकारों को प्रशासनिक सेवाओं में सुधार और डिलीवरी सिस्टम को मजबूत बनाने पर जोर देना चाहिए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजनीतिक जोखिम लेते हुए प्रशासनिक दृष्टि से सराहनीय निर्णय किया है। इससे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनकी सरकार ने प्रशासनिक दृष्टि से परिपक्वता का परिचय दिया है। हो सकता है कि निर्णय को लेकर विरोध देखने को मिले पर विरोध के खिलाफ भी सरकार को सख्ती दिखानी होगी इससे आमजन में सरकार और सरकार द्वारा लिए जाने वाले निर्णयों को सराहा ही जाएगा। सरकारों को राजनीतिक लाभ–हानि के साथ व्यापक जनहित को भी ध्यान देना चाहिए और निर्णय लेने में किसी तरह का संकोच नहीं करना चाहिये। आज लोग निर्णय लेने वाली सरकार को पसंद करते हैं न कि निर्णयों को टालने वाली सरकार को। इस मायने से भजनलाल शर्मा के एक साल के कार्यकाल का भी मूल्यांकन किया जाना चाहिए क्योंकि यह सरकार निर्णयों की सरकार बन गई है।

# सशक्त भारत के लिए सुशासन की आवश्यकता



गिरीश्वर मिश्र

स्वतंत्रता पाने के तीन चौथाई सदी बीतने के बाद आज भारत संभावनाओं का एक आकर्षक परिदृश्य प्रस्तुत करता है, जो अपनी अनूठी चुनौतियों और अपार अवसरों दोनों की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करता है। आज 140 करोड़ से अधिक की आबादी के साथ, भारत अपने इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। आगे के समय में भारत की आर्थिक प्रगति वर्तमान सुधारों, तकनीकी प्रगति और जनसांख्यिकीय बदलावों से काफी प्रभावित होगी। ऐसा अनुमान है कि 2025 तक भारत अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, जो मुख्यतः एक बड़े आकार वाले , युवा कार्यबल, बढ़ते मध्यम वर्ग और घरेलू खपत से प्रेरित है। यहाँ यह ध्यान रखने की बात है कि भारत केवल विकास नहीं बल्कि समावेशी विकास चाहता है जो लाखों लोगों को गरीबी और असमानता से मुक्ति दिला सके। डिजिटल इंडिया जैसी पहलों और फिनटेक के संतोषदायी अनुभव से प्रोत्साहित होकर भारत का डिजिटल अर्थव्यवस्था में परिवर्तन, नए रोजगार के अवसर पैदा कर सकता है और नवाचार को बढ़ावा दे सकता है। देश डिजिटल साक्षरता, बुनियादी ढांचे और उद्यमिता पर ध्यान केंद्रित करके तकनीकी सेवाओं, ई–व्यापार, कृत्रिम मेधा और डेटा विज्ञान में वैश्विक नेता बनने का लक्ष्य बना रहा है। उभरती प्रवृत्तियों को देखते हुए यह लग रहा है कि मेक इन इंडिया पहल के तहत अपने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत का प्रयास आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। बदलते परिवेश में, भारत विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, मोटर गाड़ी (ऑटोमोटिव) और औषधीय (फार्मास्युटिकल) क्षेत्रों में एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर सकता है। दरअसल औद्योगिकीकरण और स्थिरता के बीच संतुलन बनाने की हमारी क्षमता ही आर्थिक मामलों में हमारी प्रगति को निश्चित करेगी। देश का लक्ष्य अक्षय ऊर्जा, विशेष रूप से सौर ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनना है, क्योंकि यह हरित प्रौद्योगिकियों और टिकाऊ व्यवस्थाओं के अनुकूल है। आज भारत कृत्रिम बुद्धि (एआई) और डेटा एनालिटिक्स से लेकर अंतरिक्ष अन्वेषण तक कई तकनीकी क्रांतियों में अग्रणी रहने की स्थिति में है। भारत का तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से बढ़ रहा है और 2025 तक देश एआई, मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन तकनीकों का प्रमुख केंद्र बन सकता है। इससे कृषि और स्वास्थ्य सेवा से लेकर शहरी नियोजन और शिक्षा आदि को लाभ पहुँचेगा। भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा पा रही है। मिशन चंद्रयान, गगनयान (मानव मिशन) और संभावित चंद्र और मंगल मिशन भारत को वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में अग्रणी बना सकते हैं। भारत का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह उत्तरी अमेरिका के अलावा किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक यूनिकॉर्न (1 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य की कंपनियां) पैदा करने वाला देश हो सकता है। यह भारत को वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने में सहायक है। परंतु देश की प्रगति सिर्फ़ आर्थिक विकास पर ही निर्भर नहीं है, उसके लिए सामाजिक समावेशन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और लैंगिक समानता भी ज़रूरी है। भारत ने अपनी शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिससे यह अधिक समावेशी और सुलभ बन सके। कक्षाओं में प्रौद्योगिकी का अधिक एकीकरण हो सकता है, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। उच्च शिक्षा और अनुसंधान पर भारत का जोर विश्वस्तरीय संस्थानों का निर्माण कर सकता है जो वैश्विक छात्रों को आकर्षित कर सकते हैं। इसी तरह टेलीमेडिसिन, निदान (डायग्नोस्टिक्स) और स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे में प्रगति के साथ भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की सुलभता और कुशलता प्रभावी हो सकती है। सरकार की आयुष्मान भारत योजना (गरीबों के लिए एक बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना) स्वास्थ्य सेवा असमानताओं को कम कर सकती है, और नई चिकित्सा प्रौद्योगिकियों का विकास स्वास्थ्य सेवा उपायों के मामले में बदलाव ला सकता है। लैंगिक समानता और सशक्तिकरण को बढ़ाने के लिए अभियान चल रहा है जिसके अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। आशा करते हैं कि भारत में कार्यबल, राजनीति और नेतृत्व के पदों पर महिलाओं की प्रतिभागिता बढ़ेगी। शिक्षा, सुरक्षा और समान अधिकारों के लिए प्रयास निश्चित रूप से एक अधिक समावेशी समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे। गरीबी और असमानता को कम करना भारत की प्राथमिकता बनी रहेगी।

आवास, पानी, स्वच्छता और बिजली जैसी बुनियादी सेवाओं तक पहुँच का विस्तार करके वंचितों के जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार लाया जा सकता है, जिससे लाखों लोग गरीबी से बाहर आ सकेंगे। पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु विषयक कार्रवाई आर्थिक विकास और जीवन की गुणवत्ता दोनों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। भारत का लक्ष्य सौर, पवन और जलविद्युत ऊर्जा उत्पादन के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के साथ नवीकरणीय ऊर्जा में वैश्विक नेतृत्व देना है। देश अपनी ऊर्जा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा नवीकरणीय स्रोतों से उत्पन्न कर सकता है, जिससे उसका कार्बन फुटप्रिंट और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो जाएगी। आज भारत जल की कमी की गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है, और जल संरक्षण, पुनर्चक्रण और प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना होगा। कुशल सिंचाई और जल वितरण के लिए प्रौद्योगिकी, साथ ही बेहतर नीतियों से इन चुनौतियों का समाधान करने में मदद मिल सकती है। भारत में जैव विविधता बहुत समृद्ध है और वन्यजीवों, वनों और पारिस्थितिकी तंत्रों की सुरक्षा के लिए प्रयास बढ़ाने होंगे । राष्ट्रीय उद्यानों, संरक्षित क्षेत्रों और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के विस्तार से पर्यावरण की सुरक्षा में मदद मिल सकती है। बदलते भू–राजनीतिक माहौल में वैश्विक मामलों में भारत की प्रमुख भूमिका होगी तथा एशिया में अपनी रणनीतिक स्थिति का लाभ मिल सकता है। भारत का कूटनीतिक प्रभाव बढ़ता रहेगा, खासकर इंडो–पैसिफिक क्षेत्र में। क्वाड (अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ) के सदस्य के रूप में, भारत खुद को चीन की बढ़ती ताकत के लिए एक प्रमुख प्रतिसंतुलन के रूप में स्थापित कर रहा है। सांस्कृतिक कूटनीति, मीडिया और बॉलीवुड के माध्यम से देश की बढ़ती सॉफ्ट पावर इसकी वैश्विक स्थिति को और मजबूत कर सकती है।

# कल जो गुजरा है फिर से न गुजरे, मन का विश्वास कमजोर हो ना



मनोज कुमार अग्रवाल

2024 अच्छे बुरे अंजाम के साथ विदा हो चुका है और हमलोग नए साल में प्रवेश कर चुके हैं। 2024 में जहां दुनिया भर में प्राकृतिक आपदाओं धर्म जाति संप्रदाय क्षेत्र के नाम पर परस्पर खून की प्यास बुझाने के लिए कहीं इजराइल और फिलिस्तीन के बीच गाजा पट्टी पर खूनी संघर्ष हुआ तो यूक्रेन और रूस के बीच भी जंग जारी रही। बंगलादेश में शेख हसीना को पद से हटा कर युनूस पदारूढ किए गए तो हिन्दुओं पर अत्याचार बढ गए। अपने देश में भी मणिपुर समेत कई राज्यों में हिंसा का तांडव चलता रहा। इस सब के बीच निर्दोष निरपराध इंसानों ने बहुत बड़ी कीमत चुकाई। कहीं हजारों लाखों लोग दरबदर होकर जान की हिफाजत के लिए शरणार्थी शिविरों में शरण लेने बंकरों में छिपने के लिए मजबूर हुए। कुल मिला कर दुनिया का एक बड़ा हिस्सा आपाधापी हिंसा अराजकता के बीच जिंदगी खोजता रहा। निःसंदेह नव वर्ष सुबह नई उम्मीद और एहसास लेकर आया है। हर नया वर्ष चुनौतियों का होता है तो उम्मीदों की किरणों भी रोशनी बिखेरती हैं। यह इंसान की फितरत है कि हर नए आगाज के साथ नई उम्मीदें जोड़ता है। साथ ही अपने सामने मौजूद चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करने का संकल्प वह लेता है। इसीलिए नव वर्ष के मौके पर नए संकल्प लेने की रिवायत है। साथ ही नया साल जो कार्य पिछले साल में अधूरे रह रह गए थे उन कार्यों को नई ऊर्जा से पूर्ण करने की प्रेरणा और आधार देता है। नए साल में हर व्यक्ति को नए अहसास के साथ अपने अधूरे कार्यों को पूर्ण करने का प्रयास करना चाहिए और अपने लिए नए लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए व नई सोच के साथ उन लक्ष्यों को साकार करने का प्रण लेना चाहिए। नया वर्ष हर व्यक्ति के लिए बीते हुए वर्ष की सफलताओं और उपलब्धियों के साथ–साथ कमियों और गलतियों का मूल्यांकन करने का समय है।

यह हमें अपने आप को भावी वर्ष के लिए योजना बनाने, कार्य करने तथा आगामी वर्ष के लिए नए लक्ष्य तय करने का अवसर प्रदान करता है। नए साल की शुरुआत में हर व्यक्ति को भावी वर्ष के लिए नए लक्ष्य बनाने चाहिए और उन्हें पूरा करने की रणनीति बनानी चाहिए, जिससे कि अवसरों को सफलता में बदला जा सके। अगर देखा जाए तो 2024 जाते–जाते कई ऐसे यादगार पल दे गया जो उत्साह, उमंग एवं ऊर्जा जगाते हैं, उज्जवल भविष्य का संकेत देते हैं। दुनिया के कई हिस्सों में व्याप्त अशांति के बावजूद भारत ने वर्ष 2024 में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। यह साल भारत के। लिए काफी खास रहा। हा। केंद्र की मोदी सरकार ने देश में ऐसे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए, जिससे सर्वजन के कल्याण के साथ ही एक देश के रूप में भारत को पहले से कहीं ज्यादा मजबूत किया। देश के प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चाहे वो अर्थव्यवस्था, सामाजिक कल्याण और देश के बुनियादी ढांचे का विकास हो या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा क्षेत्रों में नीतियों और निर्णयों का निर्धारण हो, भारत की तरफ से दुनिया को यही संदेश दिया गया कि अब न केवल देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है, बल्कि उसके बागडोर मजबूत हाथों में भी है। इसी साल ना सिर्फ पीएम मोदी साठ साल में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले पीएम बने, बल्कि उनके नेतृत्व में भाजपा ने हरियाणा और महाराष्ट्र में शानदार सफलता हासिल की। केंद्र की एनडीए सरकार के प्रमुख निर्णय नए आपराधिक कानूनों को लागू करना, पीएम–सूर्य घर– मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी देना, प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार और संसद में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विधेयक पेश करना रहा। अगर अर्थव्यवस्था की बात की जाए भू–राजनीतिक चुनौतियों से उत्पन्न आपूर्ति श्रृंखला और कच्चे तेल के दामों में अ आई तेजी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था 2024 में विश्व की सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रही है। तकनीकी प्रगति, प्रौद्योगिकी, बैंकिंग, नवीकरणीय ऊर्जा और आत्मनिर्भर भारत जैसे नीतिगत उपायों से भारत वैश्विक आर्थिक क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत रखने में सफल रहा है। भारत दुनिया के लिए सेमीकंडक्टर उत्पाद का बड़ा केंद्र बनने जा रही हैं। ऐसे में रोजगार के लिहाज से भी यह साल बेहतर अवसर मुहैया कराएगा। मौजूदा वर्ष में 1.25 लाख करोड़ की निवेश लागत ल से अकेले सेमीकंडक्टर क्षेत्र में 80 हजार लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया समेत अन्य संगठनों का मानना है कि तमाम वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत में उपभोक्ता मांग में तेजी आएगी। सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों से अर्थव्यवस्था से जुड़े कई क्षेत्रों में भारी निवेश होगा। इस बीच सरकार ढांचागत विकास को लेकर परियोजनाओं से जुड़े खर्च को बढ़ाने पर ध्यान दे रही हैं, जिससे देश में नई परियोजनाएं शुरू होंगे। इससे निर्माण और विनिर्माण क्षेत्र में अच्छी गति देखने को मिली। देश की जीडीपी में विनिर्माण की हिस्सेदारी को 17 फीसदी से बढ़ाकर 25 फीसदी तक ले जाने के लक्ष्य पर काम जारी है। ऐसे में इस वर्ष विनिर्माण क्षेत्र में भी नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। देश में कृषि, सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक व्हीकल, इलेक्ट्रिक व्हीकल इंफ्रास्ट्रक्चर ई– कॉमर्स और निर्माण क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। इन्हीं सभी कारणों को देखते हुए ओईसीडी ने अनुमान लगाया है कि वर्ष 2025 की पहली छमाही में 6.8 से 6.9 फीसदी के बीच रहेगी, जो चीन, ब्राजील और दक्षिणी अफ्रीका की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से अधिक होगी। इसके साथ ही अंतरिक्ष सेक्टर में भारत ने जैसी छलांग वर्ष 2024 में लगाई है। इस साल एक जनवरी को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक्सपोसैट को लांच किया था। अंतरिक्ष में एक्सरे किरणों का अध्ययन करने के लिए विशेष तौर पर अंतरिक्ष यान भेजने वाला भारत दूसरा देश बना। साल के अंत मेंः 30 दिसंबर इसरो स्पेडेक्स लांच किया है । है। इससे भारत उन गिने चुने देशों में शामिल हो जाएगा जिनके पास अंतरिक्ष में गतिमान दो यानों को आपस में कनेक्ट करने की प्रौद्योगिकी क्षमता होगी। जानकारों का कहना है कि वर्ष 2025 में भारतीय अंतरिक्ष सेक्टर में जो कुछ होने वाला है, उसकी सिर्फ एक ट्रेलर वर्ष 2024 में दिखाई दिया है। इस साल इसरो के जरिए 36 सैटेलाइटों का प्रक्षेपण करने की तैयारी है ही लेकिन सबकी नजर भारत की रूस और अमेरिका के साथ मिल कर अंतरिक्ष यात्री भेजने की रणनीति पर भी होगी। इस साल देश ने रक्षा क्षेत्र में देश ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। इन उपलब्धियों में चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों की वापसी, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस एमकेए की पहली परीक्षण उड़ान से लेकर हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण शामिल है। देश का रक्षा और सुरक्षा तंत्र जमीन, समुद्र, वायु और अंतरिक्ष में विकसित हुआ है। खेल के क्षेत्र में यह साल भारत के लिए उपलब्धियों से भरा रहा। एक क्रिकेट विश्व कप, आधा दर्जन ओलंपिक पदक और दो शतरंज विश्व चैंपियन। वर्ष 2024 ने भारतीय खेल प्रशंसकों को जश्न मनाने के कई मौके दिए जिससे खेलों की दुनिया में देश का भविष्य उज्जवल नजर आता है। सभी क्षेत्रों में भारत ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है, लेकिन इसके बावजूद कई चुनौतियां बरकरार है, जिससे निपटने के लिए नए साल में प्रयास करनें होंगे। भारतीय अर्थव्यस्था तेजी से बढ़ रही है और मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार और विदेशी निवेश के रिकार्ड प्रवाह ने भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए इंजन का कार्य किया है तो बढ़ती मुद्रास्फीति, घटता उपभोग, वित्तीय ऋण और जीडीपी वृद्धि पूर्वानुमानों में कमी ने बड़ी चिंताएं भी पैदा की हैं। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र का दर्जा दिलाने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए वर्तमान आर्थिक स्थितियों में वर्ष 2025 की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। करीब एक साल से मणिपुर में हिंसा जारी है, जिससे निपटने की चुनौती बरकार है। गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई, कुपोषण, अमीर–गरीब के बीच बढ़ती खाई जैसी कई समस्याएं हमाने सामने हैं। लेकिन उम्मीद की जानी चाहिए कि नए साल में इन समस्याओं को खत्म किया जाएगा। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि देश का प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों और और उत्तरदायित्वों का निर्वाह पूरी जिम्मेदारी से करने का संकल्प लें, तभी देश तेजी से विकास पथ पर अग्रसर हो सकता है।

बहरहाल रूपए का लगातार अवमूल्यन चिंता का विषय बना हुआ है। इस सबके बावजूद देश प्रयागराज कुंभ की तैयारी में जुटा है दुनिया के सबसे बड़े आयोजन के सकुशल सम्पन्न होने पर दुनिया की निगाहें टिकी हुई है। इस आस्था और उम्मीद से भरे माहौल में सिर्फ यही गुजारिश है कि कल जो गुजरा है फिर से न गुजरे.. मन का विश्वास कमजोर होना।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# सर संघचालक के बयान पर विवादः हिंदुओं को व्यापक दृष्टिकोण अपनाना होगा



पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहनजी भागवत द्वारा दिए गए भाषण से संबंधित नवीनतम मुद्दे ने मुख्यधारा के मीडिया, सोशल मीडिया और हिंदुओं के बीच रोष पैदा कर दिया है, हर मंच पर उन पर और आरएसएस पर घृणा की बौछार की जा रही है। कुछ टिप्पणियाँ तो बिल्कुल अस्वीकार्य हैं। मीडिया आउटलेट अक्सर टीआरपी बढ़ाने और सनातन धर्म समर्थकों के बीच विवाद भड़काने के लिए पीएम मोदी और सरसंघचालक मोहन भागवत द्वारा दिए गए बयानों पर ध्यान केंद्रित करते रहते हैं। चूंकि हिंदू औपनिवेशिक मानसिकता के रूप में जानी जाने वाली मानसिकता के शिकार रहे हैं, जिसने उन्हें सोचने में कमजोर बना दिया है इसलिए कई हिंदुओं ने विश्लेषणात्मक एवं शोध करने का नजरिया खो दिया है। कई हिंदुओं ने मुख्यधारा के मीडिया द्वारा दिखाए गए एक या दो लाइनों पर प्रतिक्रिया देने की आदत बना ली है, बिना तथ्यों की गहराई से जांच किए, विश्लेषण किए और अध्ययन किए कि यह क्यों कहा गया।

ऐसा पहली बार नहीं हुआ है बल्कि यह कई बार साबित हो चुका है कि जब भी वर्तमान या पिछले आरएसएस सरसंघचालकों ने कोई सार्वजनिक बयान दिया तो उसका गहरा अर्थ था, जिसे समय के साथ सभी ने समझा इसलिए हिंदुओं को पिछले अनुभवों से सीखना चाहिए। सबसे पहले यह समझना चाहिए कि क्या कहा गया है और इन बयानों के पीछे क्या कारण हो सकते हैं। सोशल मीडिया पर कुछ हिंदू उन्हें और संघ को हिंदुत्व के बारे में सिखा रहे हैं, जबकि कुछ उन्हें इसके बारे में कुछ भी नहीं जानने और हिंदू मान्यताओं को ठेस पहुंचाने के लिए निंदा कर रहे हैं। ऐसे व्यक्ति या संगठन के लिए इस तरह के वाक्यांश का उपयोग करना शर्मनाक है, जिसके कई स्वयंसेवकों ने हिंदुओं, हिंदुत्व और भारत माता के लिए अपने आनंद भरे व्यक्तिगत जीवन और अपनी मानसिक इच्छाओं को त्याग दिया है। फिर भी उनकी ईमानदारी को चुनौती देना सूर्य से यह पूछने जैसा है कि क्या वह ऊर्जा के बारे में कुछ जानता है। पुरातत्व, वैज्ञानिक और ऐतिहासिक साक्ष्यों से पता चलता है कि हिंदू मंदिरों को नष्ट करके कई मस्जिदें बनाई गईं। कई स्थलों पर चल रही जांच इस तथ्य का समर्थन कर रही है और हिंदुओं की पूजा स्थल को वैध रूप से वापस करने की मांग अनुचित नहीं है। हालाँकि, इसे एक निरपेक्ष मुद्दा बनाना, गरमागरम बहस को भड़काना और पूरे देश से सिर्फ एक विषय पर ध्यान केंद्रित करने की अपेक्षा करना हिंदुओं या विकासशील राष्ट्र के लिए उचित मानसिकता नहीं है। हमें इस बात की गहन जांच की जरूरत है कि सरसंघचालक मोहन भागवत ने विभिन्न स्थानों पर मस्जिदों के नीचे मंदिर पाए जाने के बारे में मराठी में क्या कहा।

उनके कथन– हमें मस्जिदों के नीचे मंदिर के मुद्दे उठाते रहना नहीं चाहिए और किसी को भी हिंदू नेता बनने की कोशिश नहीं करनी चाहिए– का मेरा विश्लेषण।

1. हमारे देश और दुनिया भर में संघर्षों ने हर देश, धर्म और समुदाय में दुख और तनाव पैदा किया है। दुनिया ने विश्वव्यापी शांति के लिए एक अच्छा जवाब खोजने में अपना रास्ता खो दिया है। सनातन धर्म ने पहले ही सार्वभौमिक भाईचारे और शांति का मार्ग प्रदर्शित किया है और हाल के दिनों में, दुनिया एक बार फिर शांति और सद्भाव बहाल करने में सनातन धर्म की शक्ति को देख और मान रही है। दुनिया भर में कई लोगों ने सनातन धर्म का पालन करना शुरू कर दिया है। कई और सही समय का इंतजार कर रहे हैं। भारत या दुनिया भर में सनातन धर्म को लेकर जो भी विवाद उठता है, विभिन्न धर्मों के बुद्धिजीवी, पत्रकार, राजनेता और सनातन अनुयायी अपने दृष्टिकोण के लिए दो सनातनी नेताओं की ओर देख रहे हैंः पीएम नरेन्द्र मोदी और आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत। दोनों की बड़ी, वैश्विक जिम्मेदारी है कि वे सौहार्दपूर्ण वातावरण को बहाल करें और यह सुनिश्चित करें कि सदियों से क्रूरतापूर्वक हमला किए जाने के बावजूद सनातन धर्म अभी भी सद्भाव और शांति में विश्वास करता है। सभी को धर्मांतरण किए बिना सनातन धर्म के सिद्धांतों का पालन करना चाहिए। उनके बयान ने बुद्धिजीवियों के बीच एक अनुकूल लहर पैदा की, जो मानते हैं कि सनातन धर्म के पास उचित उपाय हैं।

2. उन्होंने कभी नहीं कहा कि आरएसएस और उसके सहयोगी यूपी सरकार, किसी अन्य सरकार या विष्णु शंकर जैन जैसे लोगों को हिंदुओं के लिए कानूनी न्याय की लड़ाई छोड़ने के लिए कहेंगे। संवैधानिक कानूनों के अनुसार लड़ाई जारी रहेगी और 1991 के पूजा स्थल अधिनियम और वक्फ बोर्ड अधिनियमों के लिए भी न्यायिक लड़ाई की आवश्यकता है, जिन पर गरीब और मध्यम वर्ग के हिंदुओं और मंदिर ट्रस्ट के स्वामित्व वाली भूमि और मंदिरों के भूमि अतिक्रमण जैसे बड़े मुद्दों को संबोधित करने के लिए ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। हिंदुओं को समृद्ध होने के लिए भारत के भीतर और बाहर कई हितधारकों के बीच विश्वास पैदा करते हुए कई मोर्चों पर कानूनी लड़ाई लड़नी होगी।

3. सरसंघचालक मोहन भागवत और आरएसएस की आलोचना करने वाले हिंदुओं ने छत्रपति शिवाजी महाराज, भगवान श्रीकृष्ण, प्रभु श्रीराम और चाणक्य का गहन अध्ययन नहीं किया है। अगर हम सोशल मीडिया पर हिंदुओं की भावनाओं पर विश्वास करें तो वे हमारे महान छत्रपति शिवाजी महाराज पर भी सवाल उठाएंगे कि उन्होंने मुस्लिम आक्रमणकारियों को कुछ किले दे दिए थे। क्या यह तथ्य कि भगवान श्रीकृष्ण पांडवों के लिए केवल पाँच गाँवों के साथ विवाद को हल करना चाहते थे, इसका मतलब यह है कि वे कायर थे? हमें हर चीज को व्यापक दृष्टिकोण से समझने की जरूरत है, जिसमें उस अवधि के सभी कारकों के प्रकाश में "नीति" का पालन करना भी शामिल है।

4. पिछले दशक में हमारे देश ने सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। 2014 में 1.7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था से 2024 में लगभग 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था तक हमें शुद्ध निर्यातक बनने के लिए आगे बढ़ना चाहिए, जिसके लिए हर देश का समर्थन आवश्यक है, चाहे वह किसी भी धर्म का पालन करते हों। इसे ध्यान में रखते हुए हमें एक सकारात्मक छवि बनानी चाहिए। वैश्विक स्तर पर यह विमर्श स्थापित करना चाहिए कि इस्लामी आक्रमण और बाद में यूरोपीय आक्रमण के परिणामस्वरूप हमें बहुत नुकसान उठाना पड़ा, फिर भी हम बेहतर दुनिया के लिए कानूनी और शांतिपूर्ण तरीके से सबकुछ करना चाहते हैं। सीधे शब्दों में कहें तो, "दृष्टिकोण को व्यापक बनाएं, जड़ों को गहरा करें।"

5. बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ जो कुछ हो रहा है, वह बहुत परेशान करने वाला है। हमें सदियों से चली आ रही समस्याओं को हवा नहीं देनी चाहिए क्योंकि इससे बांग्लादेश में हमारे भाइयों और बहनों को और भी परेशानी होगी।

6. यह सही समय है कि इस्लामी शिक्षाविदों एवं धार्मिक नेताओं को खुलकर बोलना चाहिए और आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत के बयान का स्वागत करना चाहिए। साथ ही, सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना चाहिए कि इस्लामी आक्रमणकारियों ने मंदिरों को ध्वस्त किया और मस्जिदों का निर्माण किया, जिसकी हम निंदा करते हैं। इससे दुनिया भर के हिंदुओं के दिलों में गर्मजोशी की भावनाएँ पैदा होंगी और सद्भाव व शांति का मार्ग फिर से स्थापित होगा। मुस्लिम नेताओं को अतीत में की गई गलतियों को स्वीकार करने का यह अवसर नहीं छोड़ना चाहिए; ऐसा करने से हिंदुओं की नाराजगी कम करने में मदद मिलेगी, जो पीढ़ियों से पीड़ित रहे हैं। आलोचना करना आसान है लेकिन हिंदू के रूप में एकजुट रहने के लिए हमें प्रतिक्रिया के बजाय विश्लेषण का दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, जिसमें सभी पहलुओं की गहन जांच की जानी चाहिए। हिंदुओं को विभाजित करना आसान है लेकिन अगर सोशल मीडिया विशेषज्ञ वास्तव में हिंदू हित के लिए प्रतिबद्ध हैं तो सिर्फ प्रतिक्रिया देने के बजाय हमें हिंदू समुदाय के सामने आने वाले ईसाई मिशनरियों द्वारा धर्म परिवर्तन, भारत के विभिन्न हिस्सों में बांग्लादेशी व रोहिंग्या मुसलमानों की भारी आमद, आर्थिक जिहाद, लव जिहाद जैसे मुद्दों पर पर्याप्त समय देते हुए इन सभी को कानूनी रूप से संबोधित करना चाहिए। आइए हम दुनिया को एक साथ लाने के लिए मिल कर काम करें।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**



## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा से टीबी ख़त्म करने का एक साल का लक्ष्य : आरती सिंह राव

**चंडीगढ़/एजेंसी।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश से टीबी को समाप्त करने के लिए 25 मार्च-2025 तक अभियान चलेगा और दिसंबर 2025 तक एक साल में टीबी के ख़ात्मे का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने आज यहां जारी बयान में प्रदेश के लोगों को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी और साथ ही लोगों को टीबी उन्मूलन अभियान में सहयोग के लिए आह्वान किया।

कुमारी आरती सिंह राव ने जानकारी देते हुए बताया कि 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान प्रदेश स्तर पर 7 दिसंबर 2024 से शुरू हुआ था। हरियाणा सरकार ने दिसंबर 2025 तक टीबी को प्रदेश से खत्म करने का लक्ष्य बनाया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रत्येक जिला में जिला कारावास से लेकर हर शहर व गांव में जाकर टीबी मरीजों की पहचान कर रही है। इसमें टीबी युक्त पाए जाने वाले मरीजों को सरकार की योजना के तहत जांच व दवाइयां मुफ्त में उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के टीबी मुक्त हरियाणा के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए स्वास्थ्य विभाग जुटा हुआ है। उन्होंने राज्य के चिकित्सा अधिकारियों से भी कहा कि सभी चिकित्सा अधिकारी इस अभियान को केवल एक ड्यूटी ना समझते हुए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

उन्होंने बताया कि निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी के मरीजों को सरकार इलाज चलने तक प्रतिमाह 1000 रुपए प्रोत्साहन राशि भी देती है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत चिकित्सक नागरिकों को निक्षय मित्र बनने के लिए भी प्रोत्साहित करें तथा उन्हें निक्षय पोर्टल के बारे में जानकारी दें।

कुमारी आरती सिंह राव ने राज्य के नागरिकों से भी आ''ान किया है कि प्रदेशभर में चलाए जा रहे टीबी मुक्त अभियान के तहत स्वास्थ्य की जांच के लिए आगे आएं। उन्होंने बताया कि टीबी के शुरुआती लक्षण खांसी है। दो सप्ताह से ज्यादा खांसी आना, बार-बार पसीना आना, थकावट होना, वजन घटना, सांस लेने में परेशानी आना, बुखार आना टीबी के मुख्य लक्षणों में शामिल है। ऐसे में नागरिक अपने स्वास्थ्य की जांच जरूर करवाएं और स्वास्थ्य विभाग की टीम का सहयोग करें। सभी के सहयोग से ही हम अगले एक साल में प्रदेश से टीबी को खत्म कर पाएंगे।

### आम आदमी पर पड़ रही चौतरफा टैक्स और महंगाई की मार : हुड्डा

**चंडीगढ़/एजेंसी।** सड़क निर्माण की लागत 2747 करोड़ रुपए और वसूली 4489 करोड रुपए, फिर भी टोल को बंद नहीं किया जा रहा है। इस तरह हरियाणा की जनता से टोल के नाम पर हजारों करोड़ रुपए की लूट हो रही है। घग्गर टोल प्लाजा का उदाहरण देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने टोल टैक्स की लूट का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि आरटीआई के जरिए सामने आई ताजा जानकारी से स्पष्ट हो गया है कि बीजेपी सरकार से मिलीभगत कर कंपनियां टोल टैक्स के नाम पर लागत के मुकाबले कई गुना ज्यादा मुनाफा कूट रही हैं। आम जनता पर टैक्स और महंगाई की मार पड़ती जा रही है और सरकार सबकुछ देखकर भी अनदेखा कर रही है।

हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में कुल 57 टोल प्लाजा आज की तारीख में वसूली करने में लगे हैं। घग्गर और घरौंडा टोल की टैक्स कलेक्शन की समय अवधि खत्म हो चुकी है। यहां से कंपनियां लागत के मुकाबले कहीं ज्यादा मुनाफा कमा चुकी हैं। बावजूद इसके यहां आम जनता से करोड़ों रुपये की वसूली जारी है। प्रदेश में ऐसे कई टोल प्लाजा हैं, जिनकी या तो मियाद पूरी हो चुकी है या फिर लागत और मुनाफा। नियमों के मुताबिक उनको बंद किया जाना चाहिए। लेकिन सरकार की मिलीभगत के चलते वाहन चालकों को अभी भी लूट का शिकार होना पड़ रहा है।

नियम तो यह भी है कि दो टोल के बीच कम से कम 60 किलोमीटर की दूरी होनी चाहिए। लेकिन हरियाणा में जीटी रोड से लेकर सोहना और गुड×गांव में ऐसे कई टोल हैं, जहां 60 किलोमीटर से कम दूरी में अवैध वसूली हो रही है। हैरानी की बात यह है कि सरकार आरटीआई से जवाब मांगने पर ये तक बताने को तैयार नहीं है कि ये अवैध वसूली कबतक जारी रहेगी। जनता से यह बेरोकटोक लूट बंद होनी चाहिए।

### बर्थडे पार्टी से लौटते समय भीषण सड×क हादसा, दो युवकों की दर्दनाक मौत

**जालंधर/एजेंसी।** बर्थडे पार्टी से लौटते समय एक भीषण सड×क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब युवकों की कार डिवाइडर से टकराने के बाद दूसरी तरफ से आ रही एक कार से भिड़ गई।

मृतकों में पहला युवक पंकज, जो फिल्लौर के मेहसोमपुर गांव का निवासी था, और दूसरा युवक दीपक बग्गा, जो जालंधर का रहने वाला एक टैक्सी ड्राइवर था। बताया जा रहा है कि दीपक लुधियाना से जालंधर की ओर लौट रहा था।

हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

### अरविंद केजरीवाल ने मोहन भागवत को लिखी चि्ट्ठी, संघ प्रमुख से पूछे कई सवाल

**नई दिल्ली/एजेंसी।** आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को पत्र लिखा। पत्र में केजरीवाल ने लिखा है, भाजपा ने अतीत में जो भी गलत किया है, क्या आरएसएस उसका समर्थन करता है? भाजपा नेता खुलेआम पैसे बांट रहे हैं, क्या आरएसएस वोट खरीदने का समर्थन करता है? दलित और पूर्वांचली वोट बड़े पैमाने पर काटे जा रहे हैं, क्या आरएसएस को लगता है कि यह लोकतंत्र के लिए सही है?

**● केजरीवाल ने बीजेपी पर लगाए आरोप**

अरविंद केजरीवाल और बीजेपी एक दूसरे पर वोटर्स लिस्ट को लेकर आरोप लगा रहे हैं. केजरीवाल ने इससे पहले कहा कि बीजेपी दिल्ली में वोट कटवा रही है. जो सही मतदाता हैं, उनके वोट काटने की साजिश की जा रही है. साथ ही पूर्व सीएम ने आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में इनका (बीजेपी का) ऑपरेशन लोटस 15 दिसंबर से चल रहा है. इन 15 दिनों में इन्होंने लगभग 5000 वोटों को डिलीट करने और 7500 वोटों को जोडऩे के लिए आवेदन किया है.

**● बीजेपी ने भी किया पलटवार**

बीजेपी ने भी आप पर निशाना साधा है. बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, 2014 में जब चुनाव हुए थे तब दिल्ली में वोटर्स की संख्या 1 करोड़ 19 लाख थी. इसके बाद 2015 में यह संख्या बढ×कर 1 करोड़ 33 लाख हो गई है. बढ़े हुए 14 लाख लोगों को कौन लाया और कहां से आए इसका कोई जवाब नहीं है.

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली चुनाव के लिए 70 की 70 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है. सीएम आतिशी कालकाजी से चुनाव लड़ रही हैं और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली से मैदान में उतरे हैं. वहीं, दूसरी तरफ अभी बीजेपी ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं और उम्मीदवारों के नामों का ऐलान नहीं किया है.

# करौली जिले की थाना सपोटरा व डीएसटी की नशे के विरुद्ध कार्रवाई

चमकता राजस्थान




- **कुख्यात स्मैक तस्कर महेंद्र मीना सहित तीन गिरफ्तार, एक नाबालिग डिटेन, 32.80 ग्राम स्मैक, पांच मोबाइल व एक वरना कार जब्त**
- **झालावाड़, कोटा व बारां से जुड़े हैं आरोपियों के तार, करौली व सवाई माधोपुर में युवाओं को करते हैं सप्लाई**

**जयपुर/करौली !(खलील कुरैशी) 01 जनवरी।** करौली जिले की थाना सपोटरा व डीएसटी ने नशे के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुख्यात स्मैक तस्कर महेंद्र मीना सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर एक नाबालिग को डिटेन किया है। इनके पास से पुलिस ने 6.60 लाख रुपये कीमत की 32.80 ग्राम स्मैक, पांच मोबाइल व एक वरना कार जब्त की है। इन आरोपियों के तार झालावाड़, कोटा व बारां से जुड़े हैं, जो करौली व सवाई माधोपुर के युवाओं को ड्रग सप्लाई किया करते थे।एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व खरीद फरोख्त की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसका जिला स्तर पर सुपरविजन एएसपी गुमाना राम एवं वृत्त स्तर पर सीओ कन्हैया लाल चौधरी द्वारा किया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए उन्होंने सभी थानाधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश जारी किए हैं।इसी क्रम में सूचना संकलन एवं तकनीकी मदद से बुधवार को थाना सपोटरा एसएचओ अनिल कुमार गौतम के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा डीएसटी की मदद से कुख्यात तस्कर महेद्र मीना पुत्र श्रीलाल (26) निवासी डाबरा थाना सपोटरा एवं उसके साथी गजराज मीना पुत्र रमेश चंद (32) निवासी बरदाला थाना नादौती व सुनील मीना पुत्र शिवचरण (23) निवासी डाबरा थाना सपोटरा को गिरफ्तार कर एक नाबालिग को डिटेन किया गया है।पकड़े गए आरोपितों के कब्जे से टीम ने कुल 32 ग्राम 80 मिली ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जप्त करने में सफलता हासिल की है। कुख्यात स्मैक तस्कर महेन्द्र मीना के विरूद्ध पूर्व में भी आधा दर्जन मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस की टीम आरोपियों से इनके नेटवर्क, अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# मशहूर अभिनेता इरफ़ान खान को समर्पित होगा इरफ़ान थियेटर फेस्टीवल

चमकता राजस्थान

- **6 जनवरी से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होगा आयोजन इरफ़ान खान की पत्नी सूतापा सिकदर एवं नेटफ्लिक्स की मिसमैच वेबसेरीज के निर्देशक आकर्ष खुराना सहित कई फिल्मी सितारे होंगे शमिल**
- **'इरफान थिएटर फेस्टिवल 2025' का शुभारंभ 6 जनवरी से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में**

**जयपुर।** प्रोग्रेसिव फोरम द्वारा आयोजित 'इरफान थिएटर फेस्टिवल 2025' का आयोजन 6 से 8 जनवरी 2025 तक राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में किया जाएगा। यह थिएटर फेस्टिवल भारतीय सिनेमा और रंगमंच के महान कलाकार इरफान खान को समर्पित है। इस आयोजन का उद्देश्य थिएटर कला और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देना है।

इस फेस्टिवल का उद्घाटन राजस्थान पर्यटन, कला और संस्कृति विभाग के सहयोग से होगा। इस कार्यक्रम में इरफान खान की पत्नी और लेखिका सुतापा सिकदर और प्रसिद्ध लेखक-निर्देशक आकर्ष खुराना शामिल होंगे। यह फेस्टिवल न केवल इरफान की यादों को ताजा करेगा, बल्कि नए और उभरते कलाकारों के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा।

फेस्टिवल में कई थिएटर प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा, जिनकी शुरुआत 6 जनवरी को इरफ़ान की पत्नी के टॉक शो से होगी उसके बाद आकर्ष खुराना निर्देशित नाटक वर्डिक्ट का मंच होगा 7 जनवरी को श्री अभिषेक गोस्वामी द्वारा निर्देशित नाटक किस्से किनारों के का मंच होगा एवं प्रमुख रूप से संगीत नाटक अकादमी पुरुस्कृत श्री अभिषेक मुद्गल द्वारा निर्देशित महारथी और अन्य उल्लेखनीय कार्यक्रमों का मंचन होगा। इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नारायण अस्पताल के सहयोग से मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर और एक विशेष टॉक शो का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें कैंसर जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

प्रोग्रेसिव फोरम के निदेशक गिरीश कुमार यादव ने बताया कि इस फेस्टिवल का उद्देश्य इरफान खान की कला और उनके योगदान को सम्मानित करना है।

तिथिः 6 से 8 जनवरी 2025

स्थानः राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर

आयोजन से संबंधित जानकारी और टिकट के लिए, बुक माई शो पर जल्द ही उपलब्ध होंगे।

प्रोग्रेसिव फोरम की ओर से सभी कला प्रेमियों और समाज के हर वर्ग को इस फेस्टिवल में आने का हार्दिक आमंत्रण।

### नोएडा : तीन अलग-अलग थानों की पुलिस ने मुठभेड़ में छह बदमाशों को किया गिरफ्तार

**नोएडा/एजेंसी।** नोएडा में नए साल का आगाज होते ही तीन अलग-अलग थानों की पुलिस ने बीती देर रात मुठभेड़ में छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से अवैध हथियार, चोरी की बिना नंबर प्लेट की बाइक और चोरी का अन्य सामान बरामद हुआ है।

पहला एनकाउंटर थाना फेस-2 पुलिस और मोबाइल टावरों के आरआरयू और अन्य कीमती उपकरण चोरी करने वाले वांछित बदमाश के साथ हुई। पुलिस के मुताबिक 1 जनवरी को थाना फेस-2 नोएडा पुलिस द्वारा केंट आरओ चौराहे पर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक बिना नम्बर की बाइक पर सवार व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया जो नहीं रुका और तेजी से निम्मी विहार की तरफ भागने लगा। जिस पर पुलिस ने उसका पीछा किया। अपने आप को घिरता देख बदमाश ने हथियार से पुलिस बल पर फायर कर दिया। पुलिस द्वारा की गयी जवाबी कार्रवाई में बदमाश विकास उर्फ टोई (24) गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश के कब्जे से 1 देशी तमंचा .32 बोर, 1 खोखा कारतूस .32 बोर, 1 जिंदा कारतूस .32 बोर और 1 चोरी की बाइक बिना नम्बर प्लेट बरामद हुई है।

पुलिस ने बताया है कि विकास उर्फ टोई का मोबाइल टावर के आरआरयू चोरी करने का एक गैंग है। जिसका एक साथी राशिद पहले ही गिरफ्तार किया गया था। जिसके साथ मिलकर विकास उर्फ टोई ने कई मोबाइल टावर के आरआरयू चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। इस पर अलग अलग थानों में चोरी के 18 मामले दर्ज हैं।

दूसरे मामले में थाना फेस-1 पुलिस व बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना फेस-1 पुलिस टीम गोल चक्कर से आने वाले रास्ते पर गंदे नाले के ऊपर चेकिंग कर रही थी। तभी सामने से 2 व्यक्ति एक बिना नंबर प्लेट की मोटर साइकिल पर आते दिखाई दिये, पुलिस ने चैकिंग के लिए रोका तो वो नही रुके और बाइक को पीछे मोड×कर सेक्टर 14ए के पीछे से दिल्ली की तरफ जाने वाले गंदे नाले की पटरी पर भागने लगे। थोडी दूर जाकर मोटर साइकिल फिसल कर गिर गई और बदमाशो ने अपने पास लिए अवैध तमंचे से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। पुलिस द्वारा की गयी जवाबी कार्रवाई में बदमाश ओम (23) गोली लगने से घायल हो गया। घायल का साथी संजय राय (22) मौके से फरार हो गया था जिसे कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों के कब्जे से 6 मोबाइल फोन चोरी और लूट की एक मोटर साइकिल बरामद हुई है।

तीसरी मुठभेड़ में थाना इकोटेक-3 पुलिस ने सवारी बनकर गाडियों में बैठकर लूटपाट करने वाले बदमाशों के साथ हुई मुठभेड में तीन बदमाशों को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 9500 रूपये, चोरी की एक मोटर साइकिल, 2 तमंचे .315 बोर, 2 जिन्दा व 2 खोखा कारतूस, 1 तमंचा .32 बोर, 1 जिन्दा और 1 खोखा कारतूस .32 बोर बरामद हुआ है।

पुलिस ने बताया है कि 1 जनवरी को थाना ईकोटेक-3 पुलिस पुस्ता रोड के आस-पास संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। तभी सामने से एक मोटर साईकिल पर तीन लड×के आते दिखाई दिये। वह नहीं रुके व पुलिस पर फायर करते हुए मोटरसाइकिल से नयागांव इलाहाबास की तरफ भागने लगे। पुलिस वालो को अपने नजदीक आता देख लड×के मोटरसाइकिल को मोड×कर कच्चे रास्ते की तरफ भागने लगे। खुद को घिरता हुआ देखकर उन लडकों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से एक बार फिर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में तीनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गये। घायल बदमाशों ने अपना नाम टीटू, आकाश गुप्ता उर्फ चमन और खालिद बताया है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है। अभियुक्तों के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। पुलिस ने बताया है कि बदमाशों ने 28 दिसंबर को रात के समय अर्टिगा कार चालक के साथ लूटपाट की थी।

## बढ़ते प्रदूषण को रोकने में पेड़ पौधे ही सक्षम : विधायक गर्ग

- **बिलाडा में सेवानिर्वत कार्यक्रम में ट्री मैन गोविंद सीरवी ने पोधा भेट किए ।**

चमकता राजस्थान /अनिल पुष्करणा



बिलाडा। 1 जनवरी ट्री मैन ऑफ बिलाडा के नाम से विख्यात गोविंद सीरवी ने आज बुधवार को तहसील बिलाडा में कार्यरत ऑफिस कानूनगो के पद से सेवानिवृत होने वाले लिखमाराम पंवार के कार्यक्रम समारोह पर बिलाडा विधायक अर्जुनलाल गर्ग के साथ ट्री मैन गोविंद सीरवी ने एक पौधा भेट कर अपनी स्वय की पहल को आगे बढ़ाते नजर आए आपको बता दे की ट्री मैन गोविंद सीरवी द्वारा शुष्क राजस्थान में सवा दो लाख से ज्यादा पौधे का रोपण कर चुके है । इस मौके पर बिलाडा विधायक अर्जुनलाल गर्ग ने कहा की इस प्रदूषण भरी दुनिया में पेड़ पौधे ही इस धरती पर बढ़ रहे प्रदूषण पर रोक लगाने में सक्षम है ट्री मैन की इस पहल की भी सराहना की और कहा की ट्री मैन गोविंद सीरवी के पेड़ पौधे के प्रति समर्पित भाव से अन्य लोगो को प्रेरणा मिल रही है सेवानिवृत होने वाले लिखमाराम ने कहा की मेरे जीवन का ट्री मैन द्वारा दिया गया पोधा अनमोल धरोहर की तरह ही जिसका में लालन पालन अपने बच्चो की तरह करूंगा ।

इस मौके पर बिलाडा विधायक अर्जुनलाल गर्ग, उपखंड अधिकारी मृदुला शेखावत, तहसीलदार, मुनेश कुमार, चेयरमैन रूपसिंह परिहार, भारतीय वन सेवा के पूर्व अधिकारी उमाराम चौधरी, एडवोकेट इंद्रजीत गोयल, सुरेंद्र काग, समाजसेवी रविंद्र सीरवी, पटेल , रामनिवास, भियाराम, रामचंद्र सेठी , राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारीगण और समस्त जनप्रतिनिधि मोजूद थे।

**एस डी एम की पहल से नर्क जीवन जीने वालो को मिलेगी राहत**

# ब्लॉक सिवरेज लाइन खोलने जोधपुर से मंगाए वाहन

चमकता राजस्थान/ अनिल पुष्करणा




**सिवरेज चेंबर को नालियों से जोड़ने से ही होगा स्थाई समाधान**

फलोदी। 1 जनवरी नगर परिषद द्वारा शहर के कोटड़िया क्षेत्र में ब्लॉक सिवरेज को सही करने के लिए जोधपुर आई मशीनों ने ब्लाॅक खोलने की कार्यवाही शुरू की गई है ।

अब लगता है अंग्रेजी के नए साल में इस समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फलोदी नगर परिषद् के कच्ची बस्ती में बिछाई गई सिवरेज लाइन के विभिन्न वार्डों से होते हुए बंधे तक जा रही है लेकिन इस लाइन के रखरखाव व्यवस्थित नहीं होने और कुछ तकनीकी कमियों के कारण सिवरेज के ब्लॉक होने पर चैंबर से गंदा पानी सड़को पर बह रहा है ।जिससे कई मोहल्लों में तो गंदे पानी के तालाब तक बन गए । इस समस्या को लेकर मोहल्ले वासियों द्वारा मीडिया के माध्यम खबरे प्रकाशित करवा कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करवाया गया । विभिन्न मीडिया में खबरे प्रकाशित होने पर नगर परिषद के कार्यवाहक आयुक्त उपखंड अधिकारी सुनील कुमार पंवार ने इस गंभीर समस्या के समाधान करने के लिए जोधपुर नगर निगम पश्चिम से सिवरेज सफाई के लिए वाहन मंगवाया गया ।जिसने आज बुधवार को ही समस्या ग्रस्त क्षेत्र में पहुंच कर सफाई कार्य करना शुरू कर दिया है। जानकारों का कहना है कि कोटड़िया से लगाकर भेरूघर की सराय तक की सिवरेज लाइन की सफाई का कार्य किया जाएगा इन क्षेत्र की सिवरेज लाइन के ब्लॉकिज होने से पिछले सभी सिवरेज चेंबर ओवर फ्लो हो रहे हैं ।

इस कार्य में लगे कार्मिकों ने बताया कि ब्लॉकिज हटाने के लिए दो से तीन दिन का समय लगेगा ।

उसके बाद इस समस्या का समाधान संभव हो ।

ज्ञात रहे इस सिवरेज लाइन को बिछाते समय समूचे सिवरेज को घरों के पास निकली नालियों से कनेक्टेड नहीं किया गया जिसका परिणाम यह हुआ कि सिवरेज लाइन के ब्लॉक होते ही इसका गंदा पानी सड़को पर बहने लगता है जिससे समूचे क्षेत्र में गंदगी का साम्राज्य स्थापित हो जाता है ।

जानकारों का कहना है कि सिवरेज लाइन के जो चैंबर बने हुए हैं उस को नालियों से पाइप के द्वारा जोड़ दिया जाए तो लाइन ब्लॉक होने पर चैंबर से गंदापनी सीधा नाली ने चला जाएगा और सड़क पर उसका जमाव भी नहीं होगा ।

## संक्षिप्त खबरें

### नए एसपी अश्वनी कुमार ने किया पदभार ग्रहण

**अररिया ।** अररिया के नए एसपी अश्वनी कुमार ने बुधवार को अपना पदभार ग्रहण किया।तत्कालीन एसपी अमित रंजन ने उन्हें अपना पदभार सौंपा।मौके पर सदर एसडीपीओ रामपुकार सिंह,डीएसपी हेडक्वार्टर फकरे आलम,यातायात डीएसपी और फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा मौजूद थे।नव प्रोन्नत अश्वनी कुमार की एसपी के रूप में अररिया जिला में पहली पोस्टिंग है। मौके पर पदभार ग्रहण किए एसपी अश्वनी कुमार ने विधि व्यवस्था संधारण के साथ अपराध पर नियंत्रण और पुलिस के प्रति आमलोगों में विश्वास जताने को प्राथमिकता करार दिया।वहीं अररिया से सीतामढ़ी जिला स्थानांतरित हुए अमित रंजन ने अररिया के कार्यकाल को सुखद और कनीय अधिकारियों के साथ आम जनता से मिले प्यार से अपने को अभिभूत करार दिया।

### ऑटो स्टैंड पर बदमाशों ने तृणमूल कार्यकर्ताओं पर किया हमला

**कोलकाता।** हुगली के दानकुनी के रघुनाथपुर ग्राम पंचायत के सदस्य पार्थ नस्कर और मखला के वार्ड नंबर 14 निवासी युवा तृणमूल कार्यकर्ता शंखदीप मंडल पर नए साल की पूर्वी रात अज्ञात बदमाशों ने हमला किया। इन दोनों के अलावा कुछ अन्य तृणमूल के कार्यकताओं पर अपराधियों ने हमला किया था। इस संबंध में युवा तृणमूल नेता शंखदीप मंडल ने कहा, मंगलवार रात हुगली के उत्तरपाड़ा में मखला ऑटोस्टैंड के पास रघुनाथपुर ग्राम पंचायत के सदस्य पार्थ नस्कर किसी विवाद में उलझ गये। झगड़े की खबर पाकर वह मौके पर गया तो देखा कि कुछ अज्ञात बदमाश पार्थबाबू को घेर कर पीट रहे थे। उन्हें बचाने की कोशिश में बदमाशों ने शंखदीपबाबू और मौके पर मौजूद कुछ अन्य तृणमूल नेताओं की भी पिटाई कर दी। जमकर पिटाई से पंचायत सदस्य पार्थ नस्कर का सिर फट गया। उपद्रव की खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पार्थ और शंखदीप बाबू सहित घायल तृणमूल कार्यकताओं को बचाया गया और उत्तरपाड़ा राज्य सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में कुछ की शारीरिक स्थिति बिगड़ने पर उन्हें स्थानीय नर्सिंग होम में स्थानांतरित कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक पंचायत सदस्य पार्थ नस्कर की चोटें गंभीर हैं। इसलिए उन्हें एसएसकेएम में भर्ती कराया गया। पुलिस दो संदिग्धों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। युवा तृणमूल नेता शंखदीप मंडल ने कहा कि हमलावर स्थानीय निवासी नहीं थे। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### कूचबिहार में दुर्घटनाग्रस्त यात्री हुआ बस

**कोलकाता।** नए साल के पहले दिन हुआ बस हादसा। एक यात्री बस पिकनिक के लिए जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है। यह हादसा आज यानि बुधवार सुबह कूचबिहार-2 ब्लॉक के मधुपुर ग्राम पंचायत के कालपानी में हुआ। घटना में कई यात्री घायल हो गये। फिलहाल उनका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### गर्लफ्रेंड को नशीला पदार्थ खिलाकर किया दुष्कर्म

**कोलकाता।** अपनी प्रेमिका को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप युवक पर उठा है। घटना को लेकर गडफा थाना क्षेत्र में काफी शोर-शराबा मचा हुआ है। शिकायत दर्ज होते ही पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पता चला है कि पीड़िता कोलकाता के एक इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा है। वह आरोपी युवक के साथ एक ही स्कूल में पढ़ती थी। लेकिन स्कूल छोड़ने के बाद हमेशा की तरह बातचीत बंद हो गई थी। हाल ही में उनके बीच दोबारा बातचीत शुरू हुई। इसके बाद उन्होंने मिलने का प्लान बनाया। धीरे-धीरे वे प्रेम संबंध में बंध गए। पता चला है कि लड़की की मुलाकात 21 दिसंबर को उसके पुराने दोस्त सृंजय दासगुप्ता से हुई थी। मुलाकात होने से ही काल। आरोप है कि छात्र युवती को अपने एक दोस्त के फ्लैट पर ले गया और उसे नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। कल यानी मंगलवार रात थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। आरोपी को पुलिस ने रात में गडफा के घर से गिरफ्तार कर लिया। आरजी कर कांड को लेकर बंगाल में घमासान मचा हुआ है। इतने सारे लोग रास्ते में हैं। सजा की मांग को लेकर आंदोलन अब भी जारी है। हालाँकि, स्थिति नहीं बदल रही है। एक युवती फिर हवस का शिकार हुई है। महिला सुरक्षा सवालों के घेरे में है।

### पश्चिम चंपारण के पिकनिक स्पाटों पर उमड़ी भीड़



**बेतिया।** पश्चिम चंपारण ज़िला के सभी ब्लॉकों में सहित नौतन के हरदिया कोठी मन पर नव वर्ष को लेकर बुधवार को पिकनिक मनाने को लेकर हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी रही। मन किनारे बचीचे में दुर दुर से आये लोग तरह तरह के पकवान बनाकर नव वर्ष का आनंद उठाया।इस बीच एक दुसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं भी देते दिखे लोग। पिकनिक के दौरान मन में लगे नाव पर चढ़कर सेल्फी लेने को लेकर भी काफी लोग उत्साहित दिखे।वहीं पिकनिक में कोई हुड़दंग नहीं हो इसके लिए पुलिस की चहलकदमी पुरे दिन हरदिया मन पर ही रही। आस पास के गांवों से लेकर दूर- दूर से आये आगंतुकों ने अंग्रेजों के रहने वाले घरों को भी देखा। साथ ही हरदिया कोठी के आस पास मनरेगा द्वारा लगे पेड़ों की खुबसूरती को भी देख लोग पुरे दिन आनंद उठाया। इस बीच कड़कड़ाती ठंड में भी हजारों लोग मन किनारे बगीचे में पहुंच तरह तरह के पकवान बनाकर शांतिपूर्ण माहौल में नव वर्ष मनाया गया।

# बाइक सवार तीन युवक नहर में गिरे, तीनों की मौत



एजेंसी

**पटना।** रोहतास जिले के सूर्यपुरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात बाइक सवार तीन युवक नहर में गिर गए। इस घटना में तीनों की मौत हो गयी। तीनों युवक एक ही परिवार के थे और बहन के घर से जन्मदिन की पार्टी कर लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। सुबह जब कुछ युवक दौड़ने के लिए गए तब घटना की जानकारी मिली। बताया गया है कि मृतकों में मुंद्रिका सिंह का 25 वर्षीय पुत्र प्रियांशु कुमार, संजय सिंह का 25 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार और रामेश्वर सिंह का 23 वर्षीय पुत्र शशिरंजन उर्फ मनु हैं। तीनों युवक गुंसेज गांव के रहने वाले थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल पर पहुंची थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी को ग्रामीणों ने बताया कि तीनों युवक बहन के गांव नटवार से जन्मदिन मनाकर रात में ही गांव गुंसेज जा रहे थे। बुधवार की सुबह पुलिस की बहाली के लिए तैयारी कर रहे युवक दौड़ने के क्रम में वहां पहुंचे तो तीनों युवकों को नहर में गिरा देखा और लोगों को इसकी जानकारी दी। फिलहाल, पुलिस हादसे की जांच-पड़ताल कर रही है।

## तृणमूल कांग्रेस ने २८वें स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

एजेंसी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने अपने 28वें स्थापना दिवस के अवसर पर पूरे राज्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। एक जनवरी 1998 को स्थापित पार्टी ने अपनी इस लंबी यात्रा को याद करते हुए जनता की सेवा और कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

स्थापना दिवस के अवसर पर कोलकाता में टीएमसी मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का झंडा फहराया और पार्टी के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राज्य भर में सांस्कृतिक कार्यक्रम, जनसभाएं, और ध्वजारोहण समारोह आयोजित किए गए। युवा मोर्चा ने रैलियों का आयोजन किया, जबकि महिला समर्थकों ने बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दशार्ने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उत्तर 24 परगना, नदिया, और पुरुलिया जैसे जिलों में पारंपरिक नृत्य प्रदर्शन, मिठाइयों का वितरण और पार्टी के भविष्य की योजनाओं पर चर्चा के लिए संवाद सत्र आयोजित किए गए। कार्यकताओं ने टीएमसी के हरे और सफेद रंग के बैनर, पोस्टर और पताकाओं से सड़कों को सजाया। तृणमूल की स्थापना 1998 में कांग्रेस से अलग होकर हुई थी। 2011 में वाम मोर्चा को पराजित कर सत्ता में आने के बाद पार्टी ने अपनी पहचान बनाई। इससे पहले 2001 और 2006 के विधानसभा चुनावों में पार्टी को सफलता नहीं मिली थी। ममता बनर्जी, जो पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक प्रमुख चेहरा हैं, ने पार्टी को तीन बार सत्ता दिलाई, जिसमें 2021 का ऐतिहासिक चुनावी विजय भी शामिल है।

### नववर्ष की पूर्व संध्या पर साउंड बॉक्स बजाने का विरोध करने पर युवक की हत्या

**कोलकाता।** नववर्ष की पूर्व संध्या पर तेज आवाज में साउंड बॉक्स बजाने का विरोध करने पर हुगली जिले के चांपदानी में एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृत युवक का नाम ओम प्रकाश राजभर (25) था। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक मंगलवार रात चांपदानी के फेसुआबागन एबीएस क्लब मैदान में फुटबॉल मैच था। आरोप है कि मैच खत्म होने के बाद भी साउंड बॉक्स ऊंची आवाज में बजाया जा रहा था। मैदान के बगल में ही ओमप्रकाश का घर है। परेशानी के चलते ओम प्रकाश ने रात करीब साढ़े 11 बजे मैदान में जाकर साउंड बॉक्स बंद कर दिया। इसके बाद रोहित नाम का शख्स कुछ लोगों के साथ उस मैदान में पहुंचा। ये सभी कथित तौर पर नशे में थे। साउंड बॉक्स बंद करने को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया। उन्होंने फिर साउंड बॉक्स बजाने की कोशिश की। ओमप्रकाश ने फिर विरोध किया। इसी दौरान ओमप्रकाश पर चाकू से कई वार किए गए। ओमप्रकाश घायल हो गया।

### पूर्व रक्षा राज्य मंत्री डूमर लाल बैठा को सौवीं जयंती पर समारोहपूर्वक दी गई श्रद्धांजलि



एजेंसी

**अररिया।** भारत सरकार के पूर्व रक्षा राज्य मंत्री डूमर लाल बैठा की सौवीं जयंती बुधवार को बंगाली टोला स्थित उनके आवासीय परिसर में समारोहपूर्वक मनाई गई।जयंती पर पूर्व केंद्रीय मंत्री के परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता सहित गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर वक्ताओं ने उनके सामाजिक और राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डूमर लाल बैठा ने 1952 में पहली बार इस क्षेत्र से विधायक का चुनाव जीतकर मंत्री बने थे और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया। छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय होकर स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने की बात कही।कहा कि डूमर लाल बैठा 1979से लेकर 1989 तक लगातार दो बार अररिया लोकसभा का प्रतिनिधिव करते हुए कई अहम पदों पर रहे।जहां तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के मंत्रिमंडल में उन्हें खाद्य आपूर्ति और रक्षा राज्यमंत्री के रूप में शामिल किया।उनका जन्म एक जनवरी 1924 को हुआ था। मौके पर शाद अहमद, अम्बरीश राहुल,नगर अध्यक्ष अमितेश कुमार गुड्डू,यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव करण कुमार पप्पू ,एनएसयूआई जिलाध्यक्ष इरशाद सिद्दीकी,मुमताज शेख,दिलीप पासवान,सुनील कुमार,मनोज शाह,कंचन विश्वास,अरुण निराला, विनय कुमार रजक, हरिनारायण रजक,मासूम अंसारी, मो. ताहा, ठाकुर,गुलाबचंद ऋषिदेव,डॉ नवी हसन सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं परिजनों में दामाद उपेन्द्र प्रसाद रजक,पुत्री पूनम देवी, रोहित राज,सतीश कुमार, अमित कुमार , मनीष कुमार, प्रिंस राज,प्रियांशी कुमारी ,पीहू कुमारी,प्रीति देवी,रेशमी कुमारी,पूजा कुमारी ,शिल्पी कुमारी आदि मौजूद थे।

## बैंककर्मी पति पर मंगेतर ने ही चलवाई थी गोली,शूटर को दी गई थी 50 हजार की सुपाड़ी, पांच गिरफ्तार



एजेंसी

**अररिया।** बैंककर्मी पर गोली चलाकर गंभीर रूप से घायल करने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया हपुलिस ने इस मामले में पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है।जिले के पलासी थाना क्षेत्र के फुलसरा सालगोड़ी मोड़ के पास अपराधियों ने 24 दिसंबर की रात को कालियागंज बंधन बैंक शाखा के कर्मचारी दीपक कुमार यादव को गोली मार दी थी।सिकटी थाना क्षेत्र के पोखरिया के रहने वाले दीपक कुमार को कमर के पास पीठ साइड में गोली लगी थी और गंभीर हालत में उसका इलाज पूर्णिया के निजी अस्पताल में किया गया था। बैंक कर्मी पर हुए गोलीबारी का पुलिस ने खुलासा कर लिया है।बैंककर्मी पर गोली चलवाने वाला उसकी मंगेतर ही निकली,जिन्होंने अपने बॉय फ्रेंड के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने के लिए शार्प शूटर का प्रयोग किया था और उसे 50 हजार रुपए की सुपाड़ी दी थी।घटना के उद्भेदन को लेकर एसपी अमित रंजन ने एसआईटी का गठन किया था।गठित एसआईटी टीम ने तकनीकी अनुसंधान का सहारा लेते हुए मामले का खुलासा किया।मामले में पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान का सहारा लेते हुए मंगेतर सहित उसके बॉय फ्रेंड और तीन शूटर को गिरफ्तार किया।पुलिस ने इनके पास से 2 देसी पिस्टल,2 मैगजीन, 4 कारतूस,2 मोबाइल फोन और 30 हजार रुपये भी जब्त किया है। एसपी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बंधन बैंक कर्मी दीपक कुमार यादव की शादी निशा कुमारी के साथ तय हुई थी।घर वालों द्वारा तय शादी निशा को कबूल नहीं था।वह अपने बॉय फ्रेंड मनोहर कुमार के साथ शादी करना चाहती थी।जिसको लेकर बॉय फ्रेंड मनोहर के साथ मिलकर निशा ने अपने होने वाले पति को ही रास्ते से हटाने के लिए षडयंत्र रचा।अपने होने वाले पति को मरवाने के लिए शूटर का सहारा लिया गया।तीन शूटरों को 50 हजार रुपए में मर्डर करवाने की निशा और मनोहर ने सुपाड़ी दी।इसी सुपाड़ी के तहत 24 दिसम्बर को जब बंधन बैंक कर्मी दीपक कुमार यादव बैंक से रात को वापस लौट रहे थे तो फुलसरा सालगोड़ी मोड़ के पास अपराधियों ने उनपर गोलीबारी कर उन्हें घायल कर दिया।

## बंगाल भाजपा की सदस्यता अभियान को बांग्लादेश हिंसा ने दी गति

एजेंसी

**कोलकाता।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों ने पश्चिम बंगाल भाजपा के सदस्यता अभियान को नई ऊर्जा दी है। एक करोड़ नए सदस्य जोड़ने के लक्ष्य के बावजूद चुनौतियों का सामना कर रही भाजपा ने इस मुद्दे को हिंदू समर्थन जुटाने और राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ जनता को लामबंद करने के लिए एक अवसर के रूप में देखा है। राज्य भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों ने हमारे सदस्यता अभियान को तेज किया है। लोग भाजपा को एकमात्र स्थिरता लाने वाली पार्टी के रूप में देख रहे हैं और तृणमूल की अल्पसंख्यक तुष्टिकरण नीति से डर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कई रैलियों में कहा कि तृणमूल की तुष्टिकरण की राजनीति के कारण पश्चिम बंगाल का भविष्य खतरे में है। यदि यह जारी रहा तो बंगाल भी बांग्लादेश की संकट का सामना करेगा। भाजपा ही राज्य के लोगों को सुरक्षा दे सकती है।

भाजपा ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के समर्थन से जोड़ा है। सीएए बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पीड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने का वादा करता है। भाजपा नेताओं ने तृणमूल पर जिहादियों और कट्टरपंथियों को शरण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सब वोट बैंक की राजनीति के तहत हो रहा है।

सदस्यता अभियान में चुनौतियां

गृह मंत्री अमित शाह ने अक्टूबर 2024 में कोलकाता दौरे के दौरान बंगाल में एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया था। हालांकि, दिसंबर के अंत तक भाजपा ने केवल 35 लाख सदस्यों को जोड़ा, जिसमें से आधे पुराने सदस्य हैं। भाजपा के सूत्रों के अनुसार, सदस्यता अभियान के कमजोर प्रदर्शन के पीछे संगठनात्मक ढांचे की कमजोरी और तृणमूल द्वारा उत्पन्न भय का माहौल मुख्य कारण हैं।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता प्रतिबद्ध हैं, लेकिन मजबूत संगठनात्मक ढांचे की कमी के कारण लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंच पाना चुनौतीपूर्ण हो रहा है। तृणमूल नेता कुणाल घोष ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बंगाल के लोगों का भाजपा पर कोई विश्वास नहीं है। भाजपा की सदस्यता अभियान में विफलता इस बात का प्रमाण है कि लोग उनसे दूर हो रहे हैं।

## पश्चिम बंगाल में एबीटी सदस्य की गिरफ्तारी से दुबई कनेक्शन का खुलासा



एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने बांग्लादेश स्थित आतंकी संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के एक प्रमुख सदस्य साजिदुल इस्लाम की गिरफ्तारी के बाद उसके दुबई कनेक्शन का पता लगाया है। इस्लाम को 30 दिसंबर को मुर्शिदाबाद जिले के नवादा इलाके से पश्चिम बंगाल पुलिस की विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और असम पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में गिरफ्तार किया गया था। असम पुलिस को ट्रांजिट रिमांड पर सौंपे गए इस्लाम के बारे में जानकारी साझा की गई है।

सूत्रों के अनुसार, साजिदुल इस्लाम नवादा में एक बढ़ई के रूप में रह रहा था, लेकिन वह अक्सर अपने निवास से गायब रहता था। पड़ोसियों को उसने अपनी अनुपस्थिति का कारण पेशे से संबंधित काम बताया था। एक अधिकारी ने यह भी बताया कि इस्लाम अक्सर बांग्लादेश के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा वाले राज्यों का दौरा करता था। पिछले साल अक्टूबर में उसने दुबई की दो यात्राएं कीं।

पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अब यह जांच कर रही हैं कि क्या उसकी दुबई यात्रा एबीटी से जुड़े किसी मिशन का हिस्सा थी। उसका संबंध एबीटी के एक और वांछित सदस्य शाद रदी उर्फ शब शेख से है, जो हाल ही में केरल से गिरफ्तार हुआ था। शाद रदी के पास मुर्शिदाबाद जिले के कांदी और हरिहरपाड़ा विधानसभा क्षेत्रों से जारी दो मतदाता पहचान पत्र पाए गए थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार एबीटी के सदस्य मुर्शिदाबाद और नदिया जैसे जिलों में सक्रिय होने की कोशिश कर रहे हैं।

इन जिलों की अंतरराष्ट्रीय सीमा बांग्लादेश के साथ जुड़ी है, जो आसान घुसपैठ का रास्ता बनती है। जानकारी मिली है कि एबीटी के सदस्य सीमावर्ती गांवों के युवाओं को प्रभावित कर उन्हें स्लीपर सेल में शामिल करने की कोशिश कर रहे हैं। हाल ही में, खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों ने सीमा से सटे गांवों में सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया है। इन गांवों में बाहरी लोगों के अचानक किराए पर रहने की घटनाओं को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस ने घर मालिकों को निर्देश दिया है कि वे किसी भी बाहरी व्यक्ति को बिना जांच-पड़ताल के किराए पर जगह न दें और स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना जरूर दें।

# पांच हजार असहाय वृद्धों व महिलाओं के बीच कंबल वितरण



एजेंसी

**नवादा।** नूतन वर्ष के शुभागमन के उपलक्ष्य में सामाजसेवा एवं दरिद्रनारायण की सहायता के पुनीत भावों से भरे मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष डॉ. अनुज सिंह , सचिव डॉ. शैलेश कुमार, संजय कुमार सिंह,मॉडर्न इंगलिश स्कूल, बिहारशरीफ के सचिव रंजीत कुमार, डॉ संध्या , अशोक कुमार सिंह ,अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ अपने मॉडर्न परिवार के साथ मिलकर गरीब और बेसहारा बुजुर्गों और असहाय महिलाओं के बीच पांच हजार कम्बल वितरित किया। हांड़ कंपा देने वाली सर्दी का भीषण प्रकोप अपने चरम पर है। इस कारण ठिठुरते गरीब बुजुर्गों और बेसहारा महिलाओं को अपनी जान बचाना मुश्किल हो गया है। ऐसी परिस्थिति में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भीषण ठंड से उनकी सुरक्षा करने की पवित्र भावना से प्रेरित लक्ष्य एडुकेशनल एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट और मॉडर्न इंग्लिश स्कूल , कुंतीनगर में अध्यक्ष डॉ. अनुज सिंह, सचिव डॉ. शैलेश कुमार ने शहर के कुन्तीनगर में स्थित मॉडर्न इंगलिश स्कूल के प्रांगण में पांच हजार से अधिक बुजुर्गों को कंबल प्रदान कर ठंड से उनकी जीवन-रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर नवादा शहर के आसपास के गाँवों घंघौली, गोंदापुर, खरीदीबीघा, पिपरपाती, झिटकौरा, झुनाठी, चुटकीयाबीघा, शिवचरण बीघा, सोहजाना, नेया, भगवानपुर, जैसीनबीघा, कलक्टरबीघा, बुधौल, कुंतीनगर और सिसवां आदि गाँव के निर्धन परिवार के बुजुर्गों को कंबल वितरित कर-के ठंड से बचने का आधार प्रदान किया गया।

कंबल वितरण के दौरान मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ. अनुज सिंह ने कंबल वितरण समारोह में उपस्थित शहर के गणमान्य लोगों, स्थानीय ग्रामीणों, लाभार्थियों एवं सभी मीडियाकर्मियों को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ₹केवल अपने परिवार, रिश्तेदारों और मित्रों के साथ त्योहार मनाना एक तरीका हो सकता है, लेकिन हमें अपनी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी समझनी चाहिए। सक्षम लोगों द्वारा किसी भी त्योहार के अवसर पर यदि जरुरतमंदो की सहायता की जाए तो आपके त्योहार मनाने की खुशी कई गुणा बढ़ जाती है। मॉडर्न ग्रुप के सचिव डॉ शैलेश कुमार ने कहा कि यदि हमारे एक छोटे प्रयास से किसी गरीब और जरूरतमंद के होठों पर खुशी की मुस्कान आती है, तो यह हमारे लिए सबसे बड़ा उत्सव है। नए वर्ष के शुभारंभ का यह एक बेहतरीन तरीका है। त्रिवेणी एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट नवादा के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि धन का सबसे बड़ा सदुपयोग सुपात्र को दान देना है। इस भीषण ठंड में यदि हमारे प्रयास से किसी गरीब की जीवनरक्षा होती है, तो यह हमारे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। हमें यथाशक्ति जरूरतमंद की सहायता अवश्य करनी चाहिए।

## भद्रेश्वर में जूट मिल कर्मचारी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता

**कोलकाता।** नए साल की पूर्व रात को नशे में धुत एक बदमाश ने एक कर्मचारी की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने घटना के कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मृतक जूट मिल कर्मी की पहचान ओमप्रकाश राजभर (25) के रूप में हुई है। भद्रेश्वर थाने की पुलिस ने हत्या की घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ओमप्रकाश का घर भद्रेश्वर थाना अंतर्गत चापदानी फेसुआबागान इलाके में है। उन्होंने लंबे समय तक चपदानी स्थित डलहौजी जूट मिल में काम कर रहे है। उनके पिता रामचन्द्र राजभर नॉर्थब्रुक जूट मिल में कर्मचारी हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नये साल के मौके पर मंगलवार की रात फेसुआबागन एबीएस क्लब मैदान में फुटबॉल का खेल चल रहा था। रात करीब साढ़े 11 बजे खेल खत्म होने के बाद बॉक्स को बंद कर दिया गया। वहां रोहित बेनबोंसी नाम का युवक नशे की हालत में ग्रुप के साथ आया। खुसफुसाहट शुरू हो गई कि बक्सा क्यों बंद किया गया है। ओमप्रकाश से बकझक होती रही और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। तभी अचानक रोहित ने चाकू निकाला और ओमप्रकाश पर वार करना शुरू कर दिया। इससे पहले कि बाकी लोग कुछ समझ पाते रोहित ने ओमप्रकाश को चाकू मार दिया और मौके से भाग गया।



## रात को भिगोकर सुबह खाएं बादाम और किशमिश, सेहत पर दिखेगा जबरदस्त असर

आप अपने दिन की शुरूआत किस तरह से करते हैं, इसका काफी असर आपके पूरे दिन और स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। स्वस्थ रहने के लिए सुबह कुछ हेल्दी आदतों को अपनी रूटीन में शामिल करना चाहिए। सुबह के समय अधिकतर लोग भीगे नट्स खाने की सलाह देते हैं। क्योंकि जब आप भीगे हुए नट्स से दिन की शुरूआत करती हैं, तो आप पूरा दिन एनर्जेटिक बनी रहती हैं। हालांकि नट्स खाने के कई फायदे होते हैं।

लेकिन सुबह के समय आपको ये नट्स कितनी मात्रा में खाने हैं। अपनी डाइट में किन नट्स को शामिल करना है। इसके बारे में सही जानकारी होना जरूरी है। सुबह के समय बादाम और किशमिश से दिन की शुरूआत करने से स्वास्थ्य को कई लाभ मिलते हैं। आइए जानते हैं कि सुबह के समय बादाम और किशमिश खाने से सेहत को कई लाभ मिलते हैं।

### बादाम और किशमिश खाने के फायदे

-अपने दिन की शुरूआत भीगे हुई बादाम और किशमिश खाने से पूरा दिन शरीर में एनर्जी बनी रहती है।
-बादाम खाने से शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल कम होता है। बादाम में भरपूर मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और विटामिन ई पाया जाता है।
-इसके सेवन से शरीर को शुगर मैनेज करने में मदद मिलती है।
-अक्सर इन दोनों चीजों को लोग अलग-अलग डाइट में शामिल करते हैं। इनको भिगोकर एक साथ खाना ज्यादा फायदेमंद होता है।
-कब्ज की समस्या से परेशान लोगों को सुबह के समय इसका सेवन करना चाहिए।
-बादाम और किशमिश खाने से स्किन और बालों की सेहत सुधरती है।
-इसके सेवन से डाइजेशन में सुधार होता है और एसिडिटी की समस्या नहीं होती है।
-बादाम और किशमिश के सेवन से बल्ड प्रेशर कंट्रोल होता है।
-जिन महिलाओं को पीरियड्स से संबंधित परेशानियां होती हैं, उन्हें किशमिश खाना चाहिए।
-आंतों की सेहत और हड्डियों के लिए भी किशमिश फायदेमंद होती है।

### कैसे खाएं बादाम और किशमिश

-रात में 4-5 बादाम और 5-6 किशमिश को भिगो दें।
-सुबह बादाम का छिलका उतार दें।
-इसके बाद दोनों को ऐसे ही खा लें।
-इसके बाद पानी पी लें।

### सूखे आलूबुखारे खाने के फायदे

इसके अलावा आप अपनी डाइट में आलूबुखारा खा सकते हैं। इसमें पोटेशियम की भरपूर मात्रा पायी जाती है। आलूबुखारे में फाइबर और आयरन भी अधिक मात्रा में होता है। वहीं खून की कमी को पूरा करने के लिए बादाम और किशमिश के साथ इसे भी भिगोकर खाना चाहिए।



## बच्चों के कब्ज की समस्या को दूर करेंगे ये उपाय...

कब्ज एक ऐसी समस्या है, जो सिर्फ बड़ों को ही नहीं, बच्चों को भी परेशान कर सकती है। खासतौर से, जब बच्चे फार्मूला मिल्क लेते हैं या फिर सॉलिड फूड लेते हैं तो उनके बाउल मूवमेंट में परेशानी हो सकती है। ऐसे में उन्हें कब्ज की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। यूं तो बच्चों को कब्ज की समस्या होने पर डॉक्टर से सलाह लेने की हिदायत दी जाती है, लेकिन कुछ आसान घरेलू उपाय भी उनकी काफी मदद कर सकते हैं। तो चलिए आज इस आसान उपायों के बारे में ही जानते हैं-

### पेट की करें मालिश

शिशुओं और छोटे बच्चों में कब्ज की समस्या होने पर पेट की मालिश करना एक अच्छा विचार हो सकता है। आप बच्चे की हल्की मसाज करें या फिर उसके पैरों को साइकिल चलाने की तरह चलाएं। इससे उसे मल त्याग करने में काफी मदद मिलती है।

### नेचुरल लैक्सेटिव की लें मदद

जब बच्चे को कब्ज की शिकायत होती है तो ऐसे में उसे नेचुरल लैक्सेटिव देना अच्छा विचार हो सकता है। इसलिए, आप उसकी डाइट में आलूबुखारा, सेब और नाशपाती आदि को शामिल करें। इन फलों में सोर्बिटोल नामक शुगर पाया जाता है, जो आंतों में पानी खींचकर मल को नरम करती है। जिससे बच्चे को कब्ज में आराम मिलता है।

### पानी की मात्रा बढ़ाएं

एक वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को अपनी डाइट में पानी की मात्रा बढ़ा देनी चाहिए। यह शरीर को हाइड्रेटेड रखता है, जिससे मल त्यागने में भी आसानी होती है। जब बच्चे पर्याप्त मात्रा में पानी पीते हैं, तो इससे कब्ज को रोकने में मदद मिलती है।

### बढ़ाएं फाइबर की मात्रा

जब बच्चे की डाइट में फाइबर की मात्रा बढ़ाई जाती है तो इससे बच्चे को स्टूल पास करने में आसानी होती है। कोशिश करें कि आप बच्चे की डाइट में फल व सब्जियों की मात्रा बढ़ाएं। ऐसे फल व सब्जी का सेवन करें, जिनमें पानी व फाइबर भरपूर हो।

### डेयरी को करें कम

अगर बच्चा इन दिनों कब्ज से जूझ रहा है तो उसकी डाइट में डेयरी की मात्रा थोड़ी कम कर दें। अत्यधिक डेयरी का सेवन विशेषकर दूध कब्ज पैदा कर सकता है। कई बच्चों में गाय के दूध में पाए जाने वाले प्रोटीन के प्रति सेंसेटिविटी होती है। इसके अलावा, अन्य डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे पनीर या चीज भी कब्ज पैदा कर सकते हैं।

## पर्याप्त नींद नहीं होने से दिमाग होता है प्रभावित

व्यस्त आधुनिक जीवन में आजकल किसी के पास समय नहीं है। ऐसे में लाग पर्याप्त नींद तक नहीं ले पाते। इससे उन्हें कई बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। कम से कम 7 घंटे की नींद न लेने से दिमाग को आराम नहीं मिलता है और हम दिनभर थकान का अनुभव करते हैं। इससे याद रखने की क्षमता भी कम होती है। ऐसे में समय के साथ-साथ दिमाग की काम करने की क्षमता कम हो जाती है। इसका भी दिमाग पर बुरा असर पड़ सकता है। इसके अलावा भी कई अन्य कारणों से दिमाग प्रभावित होता है। ज्यादातर अकेले रहने से दिमाग पर बुरा असर पड़ता है। इससे आगे चलकर अल्जाइमर बीमारी का खतरा भी बढ़ जाता है।



जंक फूड में सोडियम की मात्रा काफी ज्यादा होती है जो दिमाग के न्यूरॉन रिसेप्टर्स को नुकसान पहुंचाता है। ज्यादा मात्रा में जंक फूड खाने पर कंफ्यूजन, सिरदर्द और वॉमटिंग जैसी समस्याएं हो सकती हैं। लगातार कई घंटों तक हेडफोन या इयरफोन लगाकर तेज आवाज में गाने सुनने से ब्रेन टिश्यूज पर बुरा असर पड़ता है। इससे अल्जाइमर की समस्या भी हो सकती है। हर दिन कोई भी फिजिकल ऐक्टिविटी न करने से डायबीटीज, हार्ट डिजीज और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। इनका दिमाग पर बुरा असर होता है। स्मोकिंग के दौरान हमारे शरीर में कई हार्मफुल केमिकल्स आ जाते हैं। ये खून को गाढ़ा कर देते हैं, जिससे दिमाग तक खून की सप्लाई कम हो जाती है। भूख से अधिक खाने का संबंध भी दिमाग से ही है। ज्यादा खाने से दिमाग के सोचने की क्षमता पर भी असर पड़ता है। वहीं प्राकृतिक रौशनी में न रहने और ज्यादातर समय अंधेरे में रहने के कारण अवसाद बढ़ जाता है। इसका भी दिमाग पर बुरा असर पड़ता है।



## ज्वॉइंट पेन से हो चुके हैं परेशान तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खा

आमतौर पर जोड़ों के दर्द को बुढ़ापे से जोड़कर देखा जाता था। आपने भी बुजुर्ग लोगों को कई बार कहते हुए सुना होगा कि उम्र बढ़ने के साथ ही उन्हें जोड़ों का दर्द परेशान करने लगा है। लेकिन वर्तमान समय में गलत खानपान और अनहेल्दी लाइफस्टाइल के कारण लोगों को कम उम्र में ही जोड़ों का दर्द परेशान करने लगा है। मुश्किल से 30 की उम्र पार करने के बाद से ही लोगों को जोड़ों का दर्द परेशान करने लगा है।

जोड़ों के दर्द होने के पीछे फ्ल्यूड और कोलेजन का कम होना है। हालांकि अपनी डाइट में बदलाव कर ज्वॉइंट पेन की समस्या से राहत पाई जा सकती है। साथ ही इसके लिए एक्सरसाइज भी जरूरी मानी जाती है। ऐसे में अगर आप ज्वॉइंट के दर्द से परेशान हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे खास मिक्चर के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसके इस्तेमाल से जोड़ों के दर्द को दूर करने में मदद मिल सकती है।

### जोड़ों के दर्द को दूर करने वाले मिक्चर की सामग्री

बादाम- 1/2 कटोरी
मखाना- 1/2 कटोरी
भुने हुए चने- 1/2 कटोरी
सौंठ- 1/2 टीस्पून
अजवाइन- 1 टीस्पून
दालचीनी- 1/2 टीस्पून
सूखा हुए खजूर- 5
मिश्री- 1/4 कटोरी

### ऐसे बनाकर करें तैयार

इन सभी चीजों के ग्राइंडर कर महीन पाउडर बना लें।
फिर 1 चम्मच पाउडर को 1 गिलास पानी में मिलाएं।
इसके बाद रोजाना दिन में एक बार इसका सेवन करें।

### जोड़ों के दर्द से निजात पाने का घरेलू नुस्खा

मखाना शरीर में कैल्शियम लेवल को बढ़ाने में मदद करता है। इसके साथ ही आस्टियो आर्थराइटिस के लक्षणों को भी कम करता है।
बादाम में कैल्शियम और मैग्नीशियम की भरपूर मात्रा पायी जाती है। यह ज्वॉइंट्स के इंफ्लेमेशन को मजबूत करने के साथ ज्वॉइंट के दर्द में राहत देता है।
भुने हुए चने में विटामिन-के पाया जाता है। यह शरीर को कैल्शियम प्रदान करने के साथ जोड़ों के दर्द में भी आराम देता है।
सूखे हुए खजूर में विटामिन सी और विटामिन डी की भरपूर मात्रा पायी जाती है। इसके सेवन से कोलेजन प्रोजक्शन बूस्ट होता है और ज्वॉइंट में लचीलापन आता है।
अजवाइन में विटामिन-के की प्रचुर मात्रा पायी जाती है। यह मांसपेशियों को आराम पहुंचाता है और जोड़ों का दर्द और सूजन खत्म करता है।
दालचीनी में सिनेमिक एसिड पाया जाता है। इसके सेवन से जोड़ों के दर्द और इंफ्लेमेशन से राहत मिलती है।
मिश्री डाइजेस्टिव जूस को रिलीज करने में सहायक होती है। इससे गैस की समस्या नहीं होती और पाचन में सुधार होता है।
सौंठ में एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज पाया जाता है, यह ज्वाइंट में होने वाली ऐंठन को कम करती है।

## बुजुर्गों की हड्डियों को कमजोरी से बचाता है सीबीएफ-बीटा प्रोटीन

शोधकर्ताओं ने एक ऐसी प्रणाली की पहचान की है जो बताता है कि बुजुर्गों की हड्डियों में कमजोरी क्यों आ जाती है। साथ ही शोधकर्ताओं ने ऐसा तरीका खोज निकाला है, जिसके जरिए बढ़ती उम्र के साथ हड्डियां कमजोर होने के इलाज में काम आ सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि ऑस्टियोपोरोसिस यानी हड्डी के पतलेपन और डेंसिटी में कमी के कारण हड्डी टूटने का खतरा बढ़ जाता है। यह बुजुर्गों की एक प्रमुख स्वास्थ्य समस्या है। अक्सर ये हालात बोन मैरो में फैट सेल्सर की वृद्धि के साथ पैदा होते हैं। बर्मिंघम के अलबामा विश्वविद्यालय के प्रोफेसर यू-पिंग ली के एक अध्ययन में सामने आया है कि सीबीएफ-बीटा नामक एक प्रोटीन हड्डियों के बनने में मददगार कोशिकाओं को शरीर में बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

एक परीक्षण में पाया गया कि युवा चूहों की तुलना में वृद्ध चूहों की बोन मैरो सेल्स में सीबीएफ-बीटा का स्तर कम पाया गया। इस निष्कर्ष से पता चलता है कि इस प्रणाली में खराबी आने पर, कोशिकाएं हड्डियों को बनाने में मदद करना बंद कर देती हैं और फैट सेल्स को बनाने में मदद करती हैं। ली ने कहा कि सीबीएफ-बीटा नाम के प्रोटीन को बनाए रखना ह्यूमन लाइफ रिलेटिड ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने में मदद कर सकता है।शोधकर्ताओं का कहना है कि इस प्रणाली की जानकारी होने से कम से कम साइड इफेक्ट के साथ ह्यूमन बोन मेरो का इलाज किया जा सकता है।



## सिरदर्द की समस्या से हो गए हैं परेशान तो यह हो सकती है वजह

आजकल की भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल में सिरदर्द होना एक आम समस्या हो गई है। हालांकि सिरदर्द के कई कारण हो सकते हैं। जिनमें तनाव, गैस, गलत खान-पान, सर्दी-जुकाम और थकान वगैरह भी सिरदर्द की वजह हो सकती है। सिरदर्द के पीछे का एक कारण शरीर में पोषक तत्वों की कमी भी हो सकती है। अक्सर सिर दर्द होने पर हम पेन किलर खा लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं।

ऐसे में अगर आपको भी अक्सर सिरदर्द की समस्या रहती है, तो इसके पीछे का कारण जानना बेहद जरूरी होता है। साथ ही सिरदर्द को दूर करने के तरीकों के बारे में भी जानकारी होना जरूरी है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सिरदर्द होने के कारण और इससे बचने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

### जानिए सिरदर्द के पीछे का कारण

हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो जब शरीर में सोडियम की कमी होती है, तो सिरदर्द हो सकता है। वहीं अगर आप अक्सर सिर दर्द की समस्या से परेशान रहते हैं, तो आपको सोडियम लेवल की जांच जरूर करवानी चाहिए। क्योंकि शरीर में सोडियम की कमी होने पर थकान, भूख में कमी और चिड़चिड़ापन के लक्षण नजर आ सकते हैं। बता दें कि लंबे समय तक शरीर में सोडियम की कमी होने पर हमारे शरीर के कई फंक्शन्स पर भी असर पड़ता है। यहां तक की कई बार सोडियम की कमी से व्यक्ति बेहोश तक हो जाता है। सोडियम की कमी होने पर लोगों के सिर में दर्द बना रहता है।

### ऐसे दूर करें सोडियम की कमी

व्यक्ति के शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी होने पर सोडियम लेवल में कमी आ सकती है। ज्यादा पसीना या ज्यादा यूरिन आने के कारण भी ऐसा हो सकता है। ऐसे में आप अपनी डाइट में सोडियम की मात्रा कम लेते हैं, तो खाने में नमक की मात्रा का खास ख्याल रखना चाहिए। इसके साथ ही शरीर में पानी की सही मात्रा का होना भी काफी जरूरी होता है। क्योंकि शरीर में पानी की कमी होने पर डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। डिहाइड्रेशन से भी शरीर में सोडियम की कमी हो सकती है।

ऐसे में अगर आपको अक्सर सिरदर्द रहता है, तो हो सकता है कि आप पर्याप्त मात्रा में पानी ना पी रहे हों। वहीं उल्टी व दस्त की समस्या होने पर भी शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का बैलेंस बनाए रखने के लिए आप नमक की सही मात्रा का सेवन करें।



## संक्षिप्त खबरें

### सजायाफ्ता बंदी की अस्पताल में मौत

**जोधपुर।** जोधपुर केंद्रीय कारागार में सजायाप्ता बंदी की तबीयत बिगड़े के बाद उसकी मथुरादास माथुर अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। वह लैंगिक अपराध में पांच वर्ष की सजा काट रहा था। उसे जालोर जेल से जोधपुर जेल में शिफ्ट किया गया था। पुलिस ने बंदी का आज मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजन के सुपुर्द किया। इस बारे में जेल अधीक्षक की तरफ से रातानाडा थाने में रिपोर्ट दी गई। रातानाडा थाने के एएसआई हीरालाल ने बताया कि जालोर जिले के भीनमाल स्थित जेतू के रहने वाले 50 वर्षीय जेठाराम पुत्र हरजीराम को लैंगिक अपराध प्रकरण में 21 दिसम्बर 21 को पांच साल की सजा और जुमार्ना लगाया गया था। उसे जेल भेजने के आदेश हुए थे।

### बेकाबू पिकअप से कुचलकर बच्चे की मौत

**प्रयागराज।** बारा थाना क्षेत्र में सोनवर्षा गांव में बुधवार को खेत की सिंचाई कर रहे तेरह वर्षीय बच्चे की बेकाबू पिंकअप लोडर से कुचलकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि बारा थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी ऋषभ सिंह 13 वर्ष पुत्र आशीष सिंह अपने पिता के साथ बुधवार भोर में गेहूं की सिंचाई करने के लिए पम्पिंग सेंट चलाकर उसी के पास सो गया। इस दौरान बेकाबू पिकअप लोडर गाड़ी उसे कुचल कर फरार हो गई।

### पच्चीस हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**सीतापुर।** रामपुरकला थाना और एसओजी की सयुंक्त टीम ने बुधवार को मुठभेड़ में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। उस पर पच्चीस हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने बताया कि नव वर्ष के मद्देनजर पुलिस इलाकों में चेकिंग अभियान चला रही थी। रामपुरकला थाना और एसओजी की सयुंक्त टीम ने एक बदमाश को रोकने का प्रयास किया तो उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से वह घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस ने घायल को गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

### ईको-स्कॉर्पियो की भिड़ंत में तीन की मौत

**भरतपुर।** जिले के डीग में हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा पलवल सोहना मार्ग पर धतीर पुलिस चौकी के पास हुआ। सहेडा निवासी परिवार की गाड़ी की टक्कर स्कॉर्पियो गाड़ी से हुई। मृतक डीग जिले के कामां क्षेत्र के गांव सहेडा के रहने वाले थे। पलवल शहर थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि सहेडा निवासी डिब्बन पुत्र ढुल्लन जाटव, उनके पुत्र कुंवर सिंह, पुत्रवधू लता, पोता और भांजा लोकेश अपनी ईको गाड़ी में सवार होकर हरियाणा के सोहना कस्बा जा रहे थे। दुर्घटना में 65 वर्षीय डिब्बन की मौके पर ही मौत हो गई।

### ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे आने से युवक की मौत

**फतेहाबाद।** हिसार रोड पर गांव खाराखेड़ी के पास एक ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे आने से एक व्यक्ति की मौत होने का समाचार है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं बुधवार को पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में भाटिया कालोनी फतेहाबाद निवासी रमेश कुमार ने कहा है कि वह ट्रैक्टर पर ड्राइवरी का काम करता है। गत दिवस रात को वह ट्रैक्टर लेकर तूड़ा खाली करके अग्रोहा से वापस फतेहाबाद आ रहा था।

### पर्यटकों की कार खाई में गिरी, चार घायल

**नाहन।** सिरमौर जिले के संगड़ाह-हरिपुरधार सड़क पर नववर्ष के पहले दिन एक दर्दनाक हादसा हुआ। यमुनानगर से आए पर्यटकों की कार बड्याल्टा नामक स्थान पर खाई में गिर गई जिसमें चार लोग घायल हो गए। इनमें से दो को गंभीर चोटें आईं। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को खाई से बाहर निकाला और संगड़ाह अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दो लोगों को नाहन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। डीएसपी मुकेश डडवाल ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है।

### मायावती ने नए साल पर देशवासियों को दी बधाई



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने देशवासियों को नए साल की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पिछला वर्ष चाहे जैसा गुजरा हो लेकिन आने वाला नया साल 2025 छलावा व खोटी उम्मीद वाला न हो तो बेहतर है। व्यापक जन व देशहित में उत्तर प्रदेश और देश में कानून का बेहतर राज जरूरी है। मायावती ने नव वर्ष के पहले दिन जारी विज्ञप्ति में कहा कि देश के 140 करोड़ लोग यह नहीं पूछते हैं कि देश के कल्याणकारी संविधान के तहत सरकार ने उनके लिए क्या किया, किन्तु फिर भी सरकार को अपनी नीयत, नीति व गुड गवर्नेंस आदि से उन सबके लिए 'अच्छे दिन' लाकर यह जरूर साबित कराना चाहिए कि वह जनहितैषी है, क्योंकि देश इंसान से ही बनता और संवरता है। उन्होंने कहा कि नये साल की बधाई में खासकर देशवासियों के लिए नई खुशियां व नई उम्मीद की किरण जरूर निहित होनी चाहिए।

# योगी सरकार का आपदा प्रबंधन के लिए मास्टर प्लान

## किसी भी आपदा या आपात स्थिति से निपटने के लिए इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम का गठन




**महाकुम्भ नगर। एजेंसी**

मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में विख्यात महाकुम्भ को आपदा मुक्त सम्पन्न करने के लिए योगी सरकार ने पूरी ताकत झोंक दी है। किसी भी तरह की अप्रिय घटना रोकने और उससे निपटने के लिए पूरी तरह प्रशिक्षित और सक्षम फोर्स को तैनात कर दिया गया है। अब क्विक रिस्पॉन्स के साथ ही जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम का गठन किया गया है। इसके तहत, मंडल, जनपद और मेला स्तर पर जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। मेला क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी आपात स्थिति या आपदा के घटित होने पर रिस्पांसिबिल टीम तत्काल क्रियाशील हो जाएगी। योगी सरकार के राजस्व विभाग द्वारा आईआरएस का गठन किया गया है। इसमें प्रयागराज मंडल के तहत मण्डलायुक्त एवं अध्यक्ष, प्रयागराज मेला प्राधिकरण को रिस्पॉन्सिबल अधिकारी बनाया गया है। वहीं, पुलिस आयुक्त को सुरक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह, जनपद स्तर पर जिला मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष डीडीएमए को इंसिडेंट कमाण्डर, अपर जिलाधिकारी को डिप्टी इंसिडेंट कमाण्डर और डीसीपी नगर को सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है।

प्रमुख सचिव पी गुरुप्रसाद की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार, महाकुम्भ प्रयागराज के सुचारू संचालन के लिए मेले के आयोजन के दौरान किसी भी आपदा पर त्वरित, कुशल एवं प्रभावी गति से कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के लिए संगठनातमक संरचना के अनुसार प्रत्येक हितधारक-उत्तरदाता की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट किए जाने के उद्देश्य से इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम को महाकुम्भ मेला जनपद क्षेत्र के लिए गठित किया गया है।

**क्षेत्र के लिए मेलाधिकारी होंगे इंसिडेंट कमाण्डर**

**मेला क्षेत्र के लिए मेला अधिकारी को इंसिडेंट कमाण्डर मेला क्षेत्र नियुक्त किया गया है। सहायक मेला अधिकारी को उप इंसिडेंट कमाण्डर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कुंभ मेला को सुरक्षा अधिकारी, एसडीएम सेक्टर को इसिडेंट कमाण्डर मेला सेक्टर और एडिशनल एसपी-डिप्टी एसपी, सेक्टर को सुरक्षा अधिकारी मेला सेक्टर निर्धारित किया गया है। इन सभी का मुख्य कार्य आपदा की स्थिति में तुरंत क्रियाशील होना होगा।**

## नये साल पर मप्र के मंदिरों में उमड़ी भीड़, भक्तों ने किए महाकाल के दर्शन



**भोपाल। एजेंसी**

मध्य प्रदेश में साल 2024 को विदाई देने के साथ ही नए साल 2025 का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। मंगलवार की आधी रात के बाद भी लोग जश्न में डूबे रहे। साल के पहले दिन बुधवार को भी ऐसा ही माहौल है। उज्जैन महाकाल मंदिर में तड़के तीन बजे से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। दोपहर तक यहां करीब डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन कर चुके हैं। इसके साथ ही अन्य प्रसिद्ध मंदिरों में भी सुबह से लोगों की कतार लगी हुई है। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नये साल का जश्न मनाने के लिए परिवार के साथ पचमढ़ी पहुंचे हैं। उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार को नव वर्ष के मौके पर विशेष श्रृंगार किया गया। यहां तड़के चार बजे मंदिर के पट खुलते ही पंडितों और पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी देवी-देवताओं की विधिवत पूजा की। इसके बाद बाबा महाकाल का जलाभिषेक और पंचामृत से स्नान कराया गया, जिसमें दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस का उपयोग हुआ। इसके बाद ₹हरि ओम₹ का उच्चारण करते हुए जल अर्पित किया गया।

कपूर आरती के बाद भगवान के मस्तक पर भांग, चंदन और बिल्वपत्र चढ़ाकर उनका भव्य श्रृंगार किया गया। ज्योतिर्लिंग भगवान को वस्त्र से ढककर भस्म अर्पित की गई और फिर उन्हें राजा के स्वरूप में सजाया गया। भगवान महाकाल को रजत से बनी मुण्डमाल, शेषनाग का मुकुट, रुद्राक्ष की माला और सुगंधित फूलों से सजाया गया। मोगरे और गुलाब के फूल भगवान के श्रृंगार का हिस्सा बने।

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने नए साल पर भी 'कश्मीर' का राग अलापा



**इस्लामाबाद। एजेंसी**

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्र के नाम संबोधन में 2025 में भूख, गरीबी, युद्ध, आतंकवाद, अपराध, संप्रदायवाद और वर्ग विभाजन से मुक्त दुनिया की आशा व्यक्त करते हुए पाकिस्तान के लोगों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मगर इस मौके पर शरीफ 'कश्मीर' का राग अलापना नहीं भूले। जियो न्यूज के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि मध्य पूर्व और भारत के अवैध कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में चल रहे अत्याचारों के मामले में पिछला साल सबसे खराब रहा।

मध्य पूर्व संकट और कश्मीर मुद्दे का इस साल शांतिपूर्ण समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा हमारे उत्पीड़ित भाइयों और बहनों को भारतीय कब्जे वाली ताकतों की क्रूरता का सामना करना पड़ा। अपने संदेश में शहबाज ने राष्ट्र से 2025 में एक बेहतर और मजबूत पाकिस्तान के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मैं प्रार्थना करता हूं कि 2025 का सूरज हमारे देश पाकिस्तान के लिए प्रगति और समृद्धि के वादे के साथ उगेगा। मैं यह भी प्रार्थना करता हूं कि नए साल में हम पिछले साल में की गई अपनी व्यक्तिगत और सामूहिक गलतियों को सुधारें और एक नई शुरूआत करें और एक नए उज्ज्वल भविष्य की शुरूआत करें। राष्ट्रपति जरदारी ने नागरिकों से पिछले वर्ष की सफलताओं और कमियों पर चिंतन करने और उनसे सीखने और बेहतर भविष्य की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### ट्रक व पिकअप की टक्कर में एक की मौत, 16 घायल

**कैथल। नए साल की सुबह कलायत के गांव बाता और कैलरम के पास एक पिकअप सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 16 लोग घायल हो गए। घायलों को कैथल के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा पिकअप चालक को नींद आने के कारण हुआ है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जिला कुरूक्षेत्र के गांव बोड़ा से 17 श्रद्धालु राजस्थान स्थित गोगामेड़ी में माथा टेक कर पिकअप से वापस लौट रहे थे। बुधवार सुबह 6 बजे कलायत के गांव बाता और कैलरम के पास के पिकअप चालक को नींद आ गई। इसके बाद पिकअप सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन करनैल ने बताया कि कुरूक्षेत्र के गांव बोड़ा से 17 लोग राजस्थान में गोगामेडी में माथा टेकने के लिए गए थे। बुधवार सुबह वहां से वापस आते हुए गांव बाता और कैलरम के पास यह हादसा हो गया है। गुरमुख नामक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी। बाकी लोगों का कैथल के अस्पताल में इलाज चल रहा है।**

## भारत और बांग्लादेश ने शुरू की गंगा और पद्मा नदी के जलस्तर की माप



**ढाका। एजेंसी**

बांग्लादेश और भारत सरकार के प्रतिनिधियों ने सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच गंगा जल बंटवारा संधि-1996 के दायरे में पद्मा और गंगा नदियों के जलस्तर की माप शुरू की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय जल आयोग के कार्यकारी अभियंता मुत्ताथ लियो फ्रैंकलिन और सहायक निदेशक रितेश कुमार शामिल हैं। गंगा नदी भारत से बांग्लादेश में प्रवेश करने के बाद पद्मा के नाम से जानी जाती है। द डेली स्टार के मुताबिक, फ्रैंकलीन और रितेश कुमार ने पद्मा नदी पर हार्डिंग ब्रिज के 3,500 फीट ऊपर एक बिंदु पर जलस्तर को मापना शुरू किया है। इसके साथ ही पबना हाइड्रोलॉजी के कार्यकारी अभियंता एमडी रेजाउल करीम के नेतृत्व में दो सदस्यीय बांग्लादेश की टीम ने भारतीय विशेषज्ञों के साथ भारत में फरक्का बिंदु पर संयुक्त रूप से जलस्तर को मापना शुरू किया है। बांग्लादेश जल विकास विभाग के कार्यकारी अभियंता मोहम्मद जाहेदुल इस्लाम ने कहा भारत और बांग्लादेश दोनों आज से 31 मई तक गंगा और पद्मा नदियों के विभिन्न बिंदुओं पर जलस्तर की माप करेंगे। संधि के अनुसार, यदि फरक्का बिंदु पर प्रवाह 70,000 क्यूसेक या उससे कम है, तो बांग्लादेश और भारत दोनों पानी के 50 प्रतिशत हिस्से के हकदार हैं। दूसरे चक्र में यदि प्रवाह 70,000 और 75,000 क्यूसेक के बीच होता है, तो बांग्लादेश को न्यूनतम 35,000 क्यूसेक पानी प्राप्त होगा, शेष भारत को आवंटित किया जाएगा। अंतिम चक्र में भारत को न्यूनतम 40,000 क्यूसेक पानी मिलेगा बाकी बांग्लादेश को मिलेगा। साथ ही 11 मार्च से 10 मई तक, दोनों देशों को हर महीने तीन चक्रों में से एक के दौरान न्यूनतम 35,000 क्यूसेक की हिस्सेदारी की गारंटी दी जाती है।

जाहेदुल इस्लाम ने कहा कि इस साल पानी का प्रवाह पिछले साल की तुलना में काफी बेहतर है। हार्डिंग ब्रिज बिंदु पर पद्मा नदी का प्रवाह 85,000 क्यूसेक से अधिक दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि गंगा नदी बांग्लादेश में प्रवेश करते ही पद्मा के नाम से जानी जाती है।

## फरीदाबाद : प्रत्येक नागरिक के उत्थान को प्रतिबद्ध प्रदेश सरकार : राजेश नागर



**फरीदाबाद। एजेंसी**

हरियाणा सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने नववर्ष पर जिलावासियों को आठ करोड़ की सौगात दी। उन्होंने बुधवार को नए साल के अवसर पर तिगांव में कोराली मोड़, तिगांव से वाया बदरौला, कोराली, अटाली तक जाने वाली सडक के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। जिसकी लागत पर लगभग 8 करोड़ रुपए राशि की लागत का खर्चा आएगा।

खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि काफी समय से लोगों की इस सडक की मांग थी। यह सडक तिगांव से बदरौला, कोराली, अटाली, केएमपी और नोएडा जाने वाले लोगों के लिए लोगों को बहुत बड़ी राहत प्रदान करेगी। आज सडक के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है और जल्द से जल्द सडक निर्माण को पूरा कर लिया जाएगा। इस रोड के बन जाने से लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी साथ उनके समय की बचत भी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पारदर्शिता और ईमानदारी तथा नेक नीति को लेकर हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के हर वर्ग को साथ लेकर चलेगी व समाज के अंतिम व्यक्ति को लेकर जनकल्याणकारी नीतियों को अमलीजामा पहनाएगी।

उन्होंने कहा कि आमजन की मूलभूत सुविधाओं के लिए होने वाले विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। केंद्र व हरियाणा सरकार लोगों का चहुमुखी एवं सवार्गीण विकास करने में जुटी हुई है।

## मशरूम उत्पादन को स्वरोजगार के रूप में अपनाएं युवा : अशोक



**हिसार। एजेंसी**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों से 45 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। संस्थान के सह निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बुधवार को बताया कि कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज के मार्गदर्शन में संस्थान में विभिन्न रोजगारउन्नोमुखी प्रशिक्षणों के साथ-साथ मशरूम उत्पादन तकनीक पर भी नियमित रूप से प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। उन्होने बताया कि मशरूम उत्पादन एक ऐसा व्यवसाय है जिसे भूमिहीन, शिक्षित या अशिक्षित, युवक व युवतियां कम से कम खर्च मे इसे स्व-रोजगार के रूप मे अपनाकर आय मे बढ़ोतरी कर सकते हैं। इस संस्थान में मशरूम उत्पादन के अलावा मधु-मक्खी पालन, केंचुआ खाद उत्पादन, औरगेनिक फार्मिंग, बीज उत्पादन, डेयरी फार्मिंग, फल एवं सब्जी प्रशिक्षण, दूध व दूध से बने उत्पाद, नर्सरी रेजिंग, बाग लगाने आदि विभिन्न विषयों पर पूरे वर्ष प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं।

### असद शासन के पतन के बाद 75,000 शरणार्थी सीरिया लौटे

**दमिश्क। सीरिया में आठ दिसंबर को बशर अल-असद के शासन के पतन के बाद से अब तक 75,000 से अधिक शरणार्थी स्वदेश लौट चुके हैं। सीरिया रिस्पांस को-ऑर्डिनेटर्स ऑगेनाइजेशन के निदेशक मोहम्मद हल्लाज ने यह जानकारी दी। अरबी न्यूज वेबसाइट '963+' के अनुसार, हल्लाज ने बताया कि 7587 शरणार्थी आठ से 30 दिसंबर के बीच तुर्किये, जॉर्डन और लेबनान के रास्ते स्वदेश लौटे। 33,881 लोग तुर्किये से लौटे। इसी अवधि में जॉर्डन से 21,372 शरणार्थी और लेबनान से 19,832 शरणार्थी लौटे। हल्लाज के अनुसार, विभिन्न सीरियाई क्षेत्रों में असद शासन के दौरान 89,589 लोग विस्थापित हुए थे। हजारों विस्थापित और शरणार्थी अभी भी लौटने के लिए अपने क्षेत्रों में स्थिति में सुधार होने का इंतजार कर रहे हैं। जर्मन सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि उसने बशर अल-असद के शासन के पतन के बाद सीरिया में 60 मिलियन यूरो की राहत परियोजनाएं शुरू की हैं।**

**विकासात्मक** — शिक्षा क्षेत्र में निरंतर सुधारात्मक और विकासात्मक पहलें राज्य के भविष्य को उज्जवल बनाने में हो रही साबित

# एससीईआरटी ने गाड़े सफलता के झंडे : संदीप सिंह

**लखनऊ। एजेंसी**

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की शिक्षा क्षेत्र में निरंतर सुधारात्मक और विकासात्मक पहलें राज्य के भविष्य को उज्जवल बनाने में महत्वपूर्ण साबित हो रही हैं। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), उत्तर प्रदेश ने वर्ष 2024-25 में किए गए कई कार्य इस बात के गवाह हैं कि सरकार शिक्षा के स्तर में सुधार, छात्रों के समग्र विकास और शिक्षकों के उत्कृष्ट प्रशिक्षण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इन पहलों के अंतर्गत, समग्र आकलन के लिए होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड का विकास, डिजिटल लिट्रेसी और कोडिंग पाठ्यक्रम का निर्माण, जीवन कौशल और गणित जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सुधार और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दिया गया।

पीएम ई-विद्या योजना के तहत राज्यभर में डीटीएच चैनल्स के माध्यम से शिक्षा की पहुँच सुनिश्चित की गई। इसके साथ ही, शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए 'शोध संगम' पत्रिका, इंटर्नशिप मैनुअल और 'कवच' सुरक्षा प्रशिक्षण मॉड्यूल जैसी योजनाएं शुरू की गईं। प्रदेश सरकार के नेतृत्व में, इन क्रांतिकारी परिवर्तनों ने उत्तर प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र को नया आकार दिया और इसे गुणवत्ता में वृद्धि के लिए मजबूती से दिशा प्रदान की।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने जारी अपने बयान में बताया कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की दिशा में 2024 का वर्ष राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने बेहद महत्वपूर्ण कार्य किया है। एससीईआरटी के प्रयासों ने शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के साथ छात्रों और शिक्षकों के समग्र विकास को नई दिशा दी।

**जीवन कौशल और गणितीय क्षमता का विकास**

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा चिन्हित 10 जीवन कौशलों को विकसित करने के लिए 'दर्पण' मॉड्यूल तैयार किया गया। प्रति जनपद 400 शिक्षकों को प्रशिक्षित कर उन्हें छात्रों में इन कौशलों का प्रसार करने में सक्षम बनाया गया। साथ ही, कक्षा 6, 7 और 8 के लिए गणित की पुस्तक 'समझ' का विकास किया गया, जिससे गणितीय अवधारणाओं को सरल और रोचक बनाया गया।

### डिजिटल शिक्षा की ओर बढ़ते कदम

**डिजिटल युग की मांग को देखते हुए, कक्षा 6, 7 और 8 के लिए डिजिटल लिट्रेसी, कोडिंग, कम्प्यूटेशनल थिंकिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषयों पर पाठ्यक्रम तैयार किए गए। इन पाठ्यक्रमों के लिए 281 मास्टर ट्रेनर्स और 14000 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया, जिससे तकनीकी ज्ञान का प्रसार तेज हुआ। ज्ञातव्य हो कि उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शेष विज्ञान वुशाय के शिक्षकों का प्रशिक्षण गतिमान है।**

### समावेशी शिक्षा और डिजिटल सामग्री

**समावेशी शिक्षा को प्रोत्साहित करते हुए भारतीय संकेत भाषा सहित 'प्रज्ञप्ति' यूट्यूब चैनल पर ई-कंटेंट उपलब्ध कराया गया। वहीं, पीएम ई-विद्या योजना के तहत आवंटित 5 डीटीएच चैनलों के माध्यम से कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम आधारित सामग्री प्रदान की जा रही है, जिससे दूरस्थ शिक्षा को बल मिला है।**

### शोध और प्रशिक्षण में प्रगति

**शिक्षकों और प्रवक्ताओं के शोध कार्य में सुधार लाने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। लगभग 300 प्रवक्ताओं को प्रशिक्षित किया गया और 'शोध संगम' पत्रिका का विमोचन किया गया। यह पत्रिका शिक्षकों को मार्गदर्शन देने और उनकी क्षमताओं को निखारने का एक सशक्त माध्यम बन रही है।**

## हमारी विरासत एवं विभूतियां पुस्तक को मिली सरकार की मंजूरी



**देहरादून। एजेंसी**

भावी पीढ़ी अपनी समृद्ध सांस्कृतिक लोक विरासत और महान विभूतियों की जीवनी से परिचित हो सके, इसके लिये राज्य सरकार ने प्राथमिक शिक्षा के तहत सामाजिक विज्ञान विषय की सहायक पुस्तिका के रूप में 'हमारी विरासत एवं विभूतियां' पुस्तकों को शामिल करने की मंजूरी दे दी है। इस पुस्तिका को कक्षा 06 से 08 तक के पाठ्यक्रम में शैक्षिक सत्र 2025-26 से पढ़ाया जायेगा। नई शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के तहत प्रदेश के स्कूलों में छात्र-छात्राएं अब अपनी समृद्ध सांस्कृतिक लोक विरासत, गौरवशाली इतिहास सहित प्रदेश की महान विभूतियों की जीवनी को पढ़ेंगे। प्रदेश सरकार ने इसके लिये राज्य शैक्षिक अनुसांधन एवं प्रशिक्षण परिषद की ओर से तैयार 'हमारी विरासत एवं विभूतियां' पुस्तकों को पाठ्यक्रम शामिल करने की मंजूरी दे दी है। ये पुस्तकें कक्षा 06 से लेकर कक्षा 08 तक सामाजिक विज्ञान विषय की सहायक पुस्तिका के रूप में पढ़ाई जायेगी। विद्यालयी स्तर पर इन पुस्तकों का संचालन आगामी अकादमिक सत्र 2025-26 से किया जायेगा।

## डेविड वार्नर ने पीएसएल सीजन 10 ड्राफ्ट के लिए कराया पंजीकरण



**नई दिल्ली। एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) सीजन 10 के ड्राफ्ट के लिए हस्ताक्षर करने वाले नवीनतम खिलाड़ी बन गए हैं। पीएसएल ने वार्नर के ड्राफ्ट के लिए पंजीकरण की पुष्टि करते हुए एक्स लिखा 2024 का शानदार अंत। ऑस्ट्रेलियाई पावरहाउस डेविड वार्नर ने पीएसएल ड्राफ्ट के लिए पंजीकरण कराया है, आगामी पीएसएल सीजन 10 के लिए नीलामी का आयोजन 11 जनवरी को बलूचिस्तान के ग्वादर शहर में होगा। यह सीजन 8 अप्रैल से शुरू होगा और 19 मई को समाप्त होगा। मंगलवार को वार्नर की घोषणा से पहले, न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउथी ने भी पीएसएल सीजन 10 के ड्राफ्ट के लिए साइन अप किया था। पीएसएल ड्राफ्ट में प्रवेश करने से पहले, वार्नर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी में शामिल हुए, लेकिन उन्हें अपने लिए कोई खरीदार नहीं मिला। वार्नर को ऑस्ट्रेलिया का सबसे बेहतरीन ऑल-फॉर्मेट ओपनर माना जाता है, उन्होंने टी20 विश्व कप से ऑस्ट्रेलियाई टीम के सुपर आठ से बाहर होने के बाद खेल के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने सात मैचों में दो अर्द्धशतकों सहित 178 रनों के साथ अभियान का अंत किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 112 टेस्ट मैचों की 205 पारियों में 26 शतक और 37 अर्द्धशतक के साथ 44.59 की औसत से 8,786 रन बनाए। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 335 है।

# हैदराबाद से पूरे तीन अंक जीतने उतरेंगे मोहन बागान सुपर जायंट

### टीम को आगामी मुकाबले के लिए अपने खेल में सुधार करना होगा : शमील चेम्बाकाथ

**कोलकाता। एजेंसी**

मोहन बागान सुपर जायंट गुरुवार को शाम विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में हैदराबाद एफसी की मेजबानी करेंगे। मोहन बागान 13 मैचों में नौ जीत, दो ड्रा और दो हार से 29 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है, जबकि हैदराबाद एफसी 13 मैचों में दो जीत, दो ड्रा और नौ हार से आठ अंक लेकर तालिका में 12वें स्थान पर है। अपने पिछले पांच मुकाबलों में चार जीतने वाले मोहन बागान इस मैच में हैदराबाद एफसी पर दबदबा बरकरार रखने उतरेंगे, जिसने अपने पिछले पांच मैचों में से चार हारे हैं, और एक ड्रा खेला है। मोहन बागान (3 जीत, 2 ड्रा) हैदराबाद एफसी के साथ अपने पिछले पांच आईएसएल मुकाबलों में अपराजित रहे हैं, और प्रत्येक मैच में उन्होंने क्लीन शीट रखी है। मोहन बागान ने अपने पिछले पांच घरेलू आईएसएल मैचों में से सभी जीते हैं। मोहन बागान ने लीग में सबसे ज्यादा क्लीन शीट (6) रखी हैं, और सभी टीमों में सबसे कम गोल (13) खाए हैं। हैदराबाद एफसी अपने पिछले दो अवे मैचों में गोल नहीं कर पाई है। अगर वो अगले मैच में भी विफल रहती है, तो यह एक ही सीजन में उसका सबसे लंबा सिलसिला होगा। मोहन बागान के स्पेनिश हेड कोच जोस मोलिना ने कहा कि हम हैदराबाद एफसी के बारे में बहुत अधिक नहीं सोच रहे हैं



● मोहन बागान 13 मैचों में नौ जीत, दो ड्रा और दो हार से 29 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है

उन्होंने कहा बेशक, हम तालिका में शीर्ष पर हैं और हैदराबाद एफसी बहुत नीचे पर है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मुकाबला आसान होगा। हमें पूरे 90 मिनट में अच्छा खेलना होगा। हैदराबाद एफसी के अंतरिम मुख्य कोच शमील चेम्बाकाथ ने कहा कि उनकी टीम को आगामी मुकाबले के लिए अपने खेल में सुधार करना होगा।

उन्होंने कहा हम धैर्य रखकर खेल की गति को नियंत्रित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। हमें आक्रमण और बचाव दोनों ही मामलों में चपलता दिखानी होगी। बता दें कि अब तक हुए 13 मुकाबलों में मोहन बागान सुपर जायंट ने छह मैच जीते हैं, जबकि हैदराबाद एफसी ने दो जीते हैं। पांच मैच ड्रा रहे हैं।

## म्योहॉल हॉस्टल बनी प्रेमानंद स्मारक वॉलीबाल प्रतियोगिता की चैम्पियन




**प्रयागराज। एजेंसी**

डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन की ओर से मेजारोड स्थित क्षेत्रीय वॉलीबाल स्टेडियम सोरांव पॉती के मैदान पर अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी प्रो.प्रेमानंद श्रीवास्तव की स्मृति में तीन दिवसीय आमंत्रण वॉलीबाल प्रतियोगिता हुई, जिसमें म्योहॉल हॉस्टल विजेता एवं पुलिस लाइंस क्लब उपविजेता बना। उक्त प्रतियोगिता में कुल 28 टीमों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कल देर रात्रि दूधिया प्रकाश (फ्लड लाइट) में प्रतियोगिता का सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेला गया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स हॉस्टल म्योहॉल प्रयागराज एवं एंबीशन क्लब पुलिस लाइंस प्रयागराज के बीच खेला गया, जिसमें अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स हॉस्टल म्योहॉल ने एंबीशन क्लब पुलिस लाइंस प्रयागराज की टीम को 25-23, 24-26 व 25-23 अंकों से हराकर प्रेमानंद स्मारक आमंत्रण वॉलीबाल प्रतियोगिता की चैम्पियन ट्रॉफी जीत ली। विजेता टीम की ओर से तुषार चौधरी, विनीत व जैनुल व उपविजेता टीम की ओर से अभिषेक यादव व विवेक शुक्ला का खेल विशेष रूप से सराहनीय रहा। विजेता टीम के तुषार को मैन ऑफ द मैच तथा उपविजेता टीम के विवेक शुक्ला को मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया। प्रतियोगिता के दौरान फूलचंद गुप्ता, अल्ताफ अली, मुकेश शुक्ला, संतोष भास्कर, असफाक अहमद व रवि वर्मा ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

## संक्षिप्त खबरें

### वेस्ट हैम यूनाइटेड के स्ट्राइकर माइकल एंटोनियो को अस्पताल से मिली छुट्टी



**लंदन।** वेस्ट हैम यूनाइटेड के स्ट्राइकर माइकल एंटोनियो को एक गंभीर कार दुर्घटना के बाद अस्पताल में तीन सप्ताह बिताने के बाद मंगलवार से छुट्टी दे दी गई है। 7 दिसंबर को एपिंग, एसेक्स में हुई दुर्घटना के बाद एंटोनियो के निचले अंग में फ्रैक्चर की सर्जरी की गई थी और उन्हें सेंट्रल लंदन के एक अस्पताल में ले जाया गया था। नेशनल हेल्थ सर्विसेज और एयर एम्बुलेंस यूके की त्वरित प्रतिक्रिया के बाद, कार में फंसे एंटोनियो को वाहन से बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया। ईस्ट लंदन स्थित इस क्लब ने एनएचएस और एयर एम्बुलेंस को उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद देने के लिए चैरिटी के माध्यम से 60,000 पाउंड तक जुटाए हैं। क्लब की ओर से मंगलवार को जारी बयान में कहा गया, वेस्ट हैम यूनाइटेड ने हाल ही में प्रीमियर लीग में वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स के खिलाफ खेले गए मैच में पहने गए कपड़ों की नीलामी के बाद एनएचएस और एयर एम्बुलेंस यूके चैरिटी को लगभग 60,000 पाउंड का दान दिया है।

### इंग्लैंड के दिग्गज वेन रूनी को दूसरे दर्जे के क्लब प्लायमाउथ ने कोच पद से हटाया

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर वेन रूनी का कोचिंग करियर मंगलवार को प्लायमाउथ आगीर्ले द्वारा बर्खास्त किए जाने के बाद बर्बाद होता दिख रहा है। रूनी ने गर्मियों में तीन साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके केवल सात महीने बाद ही वे क्लब छोड़ रहे हैं। इस क्लब के 23 मैचों में से केवल 18 अंक हासिल करने के साथ ही प्लायमाउथ इस डिवीजन में सबसे निचले पायदान पर है। पिछले नौ मैचों में से छह में उसे हार का सामना करना पड़ा है और डिवीजन में उसका डिफेंसिव रिकॉर्ड सबसे खराब है। उसने 51 गोल खाए हैं और केवल 22 गोल किए हैं। प्लायमाउथ ने सोशल मीडिया पर रूनी के जाने की घोषणा करते हुए कहा कि क्लब और कोच ने तुरंत प्रभाव से अलग होने पर आपसी सहमति जताई है। रूनी ने उन्हें प्रबंधन का मौका देने के लिए प्लायमाउथ को धन्यवाद दिया और कहा कि क्लब के लिए उनके दिल में हमेशा एक विशेष स्थान रहेगा। 39 वर्षीय रूनी के लिए उनके छोटे से कोचिंग करियर में यह बर्खास्तगी निराशाओं की एक श्रृंखला में नवीनतम है।

## नए संकल्पों के साथ नए साल का करें स्वागत : मनु भाकर

**नई दिल्ली। एजेंसी**



डबल ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने बुधवार को नए साल की शुभकामनाएं दीं। भारत ने पूरे देश में जश्न के साथ 2025 का स्वागत किया और विभिन्न शहरों में लोगों ने इस अवसर को खुशी और उत्साह के साथ मनाया।कई शहरों में पार्टियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लाइव संगीत प्रदर्शनों और थीम वाली सजावट के साथ नए साल का जश्न शुरू हो गया। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर मनु ने कहा, 2024 के उतार-चढ़ाव, अच्छे और बुरे के लिए चीयर्स! आइए 2025 का स्वागत नए संकल्पों के साथ करें जो हमारे जीवन को बेहतर बनाते हैं। पेरिस ओलंपिक का मुख्य आकर्षण निशानेबाज मनु भाकर का प्रदर्शन था। 22 वर्षीय मनु स्वतंत्रता के बाद के युग में ओलंपिक के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बन गईं। इससे पहले यह गौरव पेरिस 1900 खेलों में नॉर्मन प्रिचर्ड के नाम था।

### कार्लसन ने नेपोमनियाचची के साथ साझा किया ब्लिट्ज खिताब

**नई दिल्ली। ऐतिहासिक और पहले कभी न देखे गए परिणाम के तहत, मौजूदा विश्व ब्लिट्ज चैंपियन नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने बुधवार को न्यूयॉर्क के वॉल स्ट्रीट में रूस के इयान नेपोमनियाचची के साथ 2024 विश्व ब्लिट्ज चैम्पियनशिप का खिताब साझा किया। दोनों खिलाड़ियों ने सडन डेथ में लगातार तीन बार ड्रॉ खेला, जिसके बाद खिताब साझा करने का फैसला किया गया। इससे पहले, कार्लसन ने लगातार दो जीत के साथ फाइनल की शुरूआत की और जीतने के लिए उन्हें सिर्फ.एक ड्रॉ की जरूरत थी, लेकिन नेपोमनियाचची ने अविश्वसनीय लड़ाई और लचीलापन दिखाया। उन्होंने डिमांड पर एक बार नहीं बल्कि दो बार जीत हासिल की, अंतिम स्कोर 2.0-2.0 से बराबर होने के बाद सडन डेथ को मजबूर किया।**

## एचआईएल: यूपी रुद्रास के खिलाफ सामरिक परीक्षा के लिए तैयार सूरमा हॉकी क्लब

**राउरकेला। एजेंसी**

बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में अपने दूसरे मैच में सूरमा हॉकी क्लब यूपी रुद्रास से भिड़ने के लिए तैयार है। सूरमा ने अपने पहले मैच में तमिलनाडु ड्रैगन्स के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में जीत दर्ज कर बोनस अंक अर्जित किया। इस बीच, यूपी रुद्रों ने अपने पहले मैच में कलिंगा लांसर्स पर 3-1 की शानदार जीत के साथ तीन अंक हासिल किए। अपने पहले मैच में, सूरमा हॉकी क्लब ने कब्जे, शॉट्स और सर्कल एंट्री सहित प्रमुख मेट्रिक्स पर अपना दबदबा बनाया। पहले मैच को लेकर सूरमा हॉकी के हेड कोच जेरोन बार्ट ने कहा मुझे लगता है कि पहला हाफ थोड़ा शतरंज का खेल था, जबकि तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने गति पकड़ी। पहले गोल ने खेल को थोड़ा खोल दिया, और हमने उसके बाद और मौके बनाने शुरू कर दिए।

बार्ट ने कहा जब आप पीछे देखते हैं, आंकड़े और फुटेज देखते हैं, तो हमें तीनों अंक मिल जाने चाहिए थे। लेकिन जब आप मैच खत्म होने से सात मिनट पहले 1-0 से हार रहे हों, तो आपको ड्रॉ और शूटआउट से बोनस अंक से संतुष्ट होना चाहिए। यूपी रुद्रास के खिलाफ मैच को देखते हुए बार्ट ने टूनार्मेंट की प्रतिस्पर्धात्मक प्रकृति को स्वीकार किया।

यह करीबी मुकाबला होने वाला है। यह अच्छा है कि यह अंत तक हमेशा रोमांचक रहता है, और प्रत्येक गेम एक कड़ी प्रतियोगिता होगी। यह एक दिलचस्प सामरिक पहेली होने जा रही है। सूरमा के मिडफील्ड में अहम भूमिका निभाने वाले बेल्जियम के मिडफील्डर विक्टर वेगनेज ने रुद्रास के खिलाफ ठोस रक्षात्मक कार्य के महत्व और पेनल्टी कॉर्नर के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने पर जोर दिया गया।

## विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप में वैशाली ने जीता कांस्य

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारतीय शतरंज खिलाड़ी आर वैशाली ने बुधवार को विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप के महिला वर्ग में कांस्य पदक जीतकर 2024 का यादगार समापन किया। टूर्नामेंट में वैशाली की यात्रा में चीन की झू जिनर पर क्वार्टर फाइनल में जीत और अंतिम चैंपियन जू वेनजुन से सेमीफाइनल मे कड़ी टक्कर में मिली हार शामिल थी। वैशाली ने पूरी चैंपियनशिप में रणनीतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्वार्टर फाइनल में, उन्होंने झू जिनर को 2.5-1.5 से हराया, जिससे दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में उनका स्थान सुरक्षित हो गया। हालांकि, स्वर्ण पदक के लिए उनका अभियान सेमीफाइनल में समाप्त हो गया, जहां उनका सामना चीन की जू वेनजुन से हुआ। अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयासों के बावजूद, वैशाली को जू ने 0.5-2.5 से हराया, जिन्होंने बाद में फाइनल में हमवतन लेई टिंगजी पर रोमांचक 3.5-2.5 से जीत के साथ विश्व खिताब अपने नाम किया। वैशाली की उपलब्धि ने भारतीय शतरंज के दिग्गज और पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद की बहुत प्रशंसा की। वर्तमान में वे अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फीडे) के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। आनंद ने एक्स पर पोस्ट किया, कांस्य पदक जीतने के लिए वैशाली को बधाई। उनकी योग्यता वास्तव में एक शक्तिशाली प्रदर्शन था। हमारे वाका शतरंज मेंटी (वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी) ने हमें गौरवान्वित किया है। हम उनका और उनकी शतरंज का समर्थन करके बहुत खुश हैं।

उन्होंने रैपिड इवेंट में खिताब जीतने वाले कोनेरू हम्पी की भी सराहना की, उन्होंने कहा 2024 को समेटने का यह कैसा तरीका है। 2021 में, हमने सोचा था कि हमें मजबूत शतरंज खिलाड़ी मिलेंगे, लेकिन यहाँ हमारे पास यह है: एक विश्व चैंपियन (हम्पी) और एक कांस्य पदक विजेता (वैशाली)। विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप के महिला वर्ग में चीनी खिलाड़ियों का दबदबा रहा, जिसमें जू वेनजुन और लेई टिंगजी ने फाइनल में मुकाबला किया। अपनी सामरिक सूझबूझ के लिए मशहूर जू ने एक करीबी मुकाबले में लेई को हराकर खिताब अपने नाम किया। विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप में ह्यओपनह्ल सेक्शन का समापन काफी नाटकीय अंदाज में हुआ।

## नए खिलाड़ियों को मौका देंगे भारतीय कोच अलेक्जेंडरसन

**बेंगलुरु। एजेंसी**



जोकिम एलेक्जेंडरसन ने भारत में अपने कोचिंग करियर की शानदार शुरूआत की, उनकी कोचिंग में भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने बेंगलुरु में फीफा महिला मैत्री मैचों में से पहले मैच में मालदीव को 14-0 से हराया।

खास बात यह रही कि आठ खिलाड़ियों ने सीनियर इंडिया में पदार्पण किया, और स्वीडिश खिलाड़ी ने भरोसा दिलाया कि 2 जनवरी को होने वाले दूसरे मैच में और भी खिलाड़ी शामिल होंगे। गुणवत्ता में अंतर पहली सीटी से ही स्पष्ट था। जबकि एलेक्जेंडरसन खुश थे कि अधिकांश चीजें योजना के अनुसार काम करती हैं, अब वह यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि गुरुवार को उनकी बेंच क्या पेश करती है। अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) के हवाले से उन्होंने कह मुझे लगता है कि हमने खेल का अच्छा उपयोग किया।

## व्यापार

## एअर इंडिया आने वाले वर्षों में अपनी वैश्विक पहुंच और बढ़ाएगी : विल्सन

**नई दिल्ली। एजेंसी**



एअर इंडिया की वैश्विक उपस्थिति आने वाले वर्षों में और बढ़ने वाली है। विमानन कंपनी के मुख?य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) कैंपबेल विल्सन ने बुधवार को कंपनी के विस्तार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा करते हुए यह बात कही। एअर इंडिया प्रमुख कैंपबेल विल्सन ने अपने नए साल की शुभकामनाओं में एयरलाइन की बेड़े और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला, जिससे भारतीय विमानन के लिए एक मजबूत भविष्य सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि निजीकरण के बाद से कंपनी ने काफी प्रगति की है और आने वाले वर्षों में इसकी वैश्विक पहुंच और बढ़ेगी। विल्सन ने कहा कि घरेलू और कम दूरी के अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों की सेवा देने वाले एकल-गलियारे वाले बेड़े की आंतरिक मरम्मत का काम जारी है। यह 2025 के मध्य तक पूरा हो जाएगा। आने वाले वर्षों में एयर इंडिया की वैश्विक कवरेज में और वृद्धि होगी, क्योंकि हाल ही में हमारे ऑर्डरबुक में 100 विमान जोड़े गए हैं, जो 2023 में 470 विमानों के लिए की गई प्रतिबद्धता को और बढ़ाएगा। विल्सन ने कहा कि इन नए विमानों को बेंगलुरु में एक बिल्कुल नई 12-बे रखरखाव सुविधा और प्रशिक्षण स्कूल, अमरावती में एक नया 34-विमान उड़ान स्कूल और गुरुग्राम में उपर्युक्त प्रशिक्षण अकादमी द्वारा समर्थन दिया जाएगा।

## मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों को 3.08 लाख करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली। एजेंसी**



वर्ष 2025 के पहले दिन घरेलू शेयर बाजार शुरुआती कारोबार में उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से मजबूती के साथ बंद हुआ। कारोबार की मिली-जुली शुरुआत हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बनने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी ने लाल निशान में गोता लगा दिया, लेकिन सुबह 10 बजे के बाद खरीदारी शुरू हो जाने के कारण थोड़ी ही देर में दोनों सूचकांकों ने हरे निशान में अपनी जगह बना ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.47 प्रतिशत और निफ्टी 0.41 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, एनर्जी और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में जमकर खरीदारी होती रही। इसी तरह पीएसई, ऑयल एंड गैस, टेक, हेल्थ केयर, एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल, आईटी और बैंकिंग इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। रियल्टी और मेटल सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.50 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.03 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 444.43 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 441.35 लाख करोड़ रुपये था।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान कमजोरी के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। दूसरी ओर यूरोपियन बाजार में पिछले सत्र के दौरान तेजी का रुख बना रहा। एशियाई बाजारों में भी छुट्टी के माहौल के बीच मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। साल के आखिरी करबारी दिन अमेरिकी बाजार में बिकवाली का दबाव बना रहा।

पिछले सत्र के दौरान एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,878.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ इसी तरह नैस्डेक ने 181.54 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 19,305.25 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 42,540.54 अंक के स्तर पर कारोबार करता होने जा रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान खरीदारी होती रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.64 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,173.02 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.91 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,380.74 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

### विमान ईंधन 1,401.37 रुपये तक हुआ सस्ता

**नई दिल्ली। नए साल 2025 की शुरुआत कई सारे बदलाव के साथ हो गई है। विमानन क्षेत्र को राहत देने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के दाम में 1,401.37 रुपये प्रति किलोलीटर की कटौती की है। इस कटौती के बाद हवाई सफर सस्ता हो सकता है। नई दरें बुधवार से लागू हो गईं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, नई दिल्ली में विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत 1,401.37 रुपये घटकर 90,455.47 रुपये प्रति किलोलीटर (1000 लीटर) हो गई है। इसी तरह कोलकाता में इसका भाव 93,059.79 रुपये प्रति किलोलीटर, मुंबई में 84,511.93 रुपये प्रति किलोलीटर और चेन्नई में 93,670.72 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल दिसंबर में तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने एटीएफ की कीमत में 1,318.12 रुपये प्रति किलोलीटर और नवंबर में 2,941.5 रुपये प्रति किलोलीटर की बढ़ोतरी की गई थी।**

## संक्षिप्त समाचार

### वार्ष्णेय स्पोर्ट्स लीग 5 जनवरी को, हुआ पोस्टर विमोचन



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** श्री वार्ष्णेय वैश्य स्पोर्ट्स क्लब द्वारा निर्माण नगर स्थित स्पोर्ट्स विला में 5 जनवरी को वार्ष्णेय स्पोर्ट्स लीग का आयोजन होगा।
क्लब के अध्यक्ष डॉ मुकेश गुप्ता ने बताया कि लीग के पोस्टर का विमोचन पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने किया।
इस अवसर पर क्लब के महा सचिव संजय वार्ष्णेय,चारण समाज के मंत्री जयकरण चारण,ग्रिजेश शर्मा,हरेंद्र सिंह,दीपक रामलखानी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस लीग में क्रिकेट ,कबड्डी,बैडमिंटन,चैस,कैरम आदि प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा ।

### भाजपा नेता सुभाष चौधरी की नववर्ष पर अभिनव पहल

- नववर्ष की पूर्व संध्या पर आमजन को दूध पिलाकर किया नए वर्ष का स्वागत



**चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक । श्रीनगर।** केंद्रीय कृषि किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के सुपुत्र एवं भाजपा युवा नेता सुभाष चौधरी ने नववर्ष 2025 आगमन की पूर्व संध्या पर पुराने बस स्टेण्ड किशनगढ़ में ₹एक शाम दूध के नाम₹ अभियान के तहत अभिनव पहल करते हुए आमजन राहगीरों ओर यात्रियों को दूध का वितरण कर नए वर्ष की बधाई दी, भाजपा नेता सुभाष चौधरी ने कहा कि आने वाला वर्ष 2025 सभी के जीवन में नई खुशियां, नए लक्ष्य, नई उपलब्धियां लेकर आये, नए वर्ष में सभी को उत्तम स्वास्थ्य मिलें।
सुभाष चौधरी ने कहा कि आइये नववर्ष के साथ एक नई शुरुआत करते हुए सभी नशे से दूर रहने का संकल्प लें।

### समाज के विकास के लिए बच्चों की शिक्षा पर दें पूरा ध्यान।



**चमकता राजस्थान। चित्तौड़गढ।** बैरवा नवयुवक मंडल द्वारा 31 दिसम्बर रात्रि में उपनगर पुर स्तरीय बैरवा दिवस हर्ष उल्लास से बनाया गया। जिसमें महर्षि बालीनाथ जी महाराज की 157 वीं जयंती समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता देवीलाल बैरवा, मुख्य अतिथि नारायण लाल बैरवा, विशिष्ठ अतिथि रामपाल बैरवा, रतना बैरवा, गोपाल बैरवा पार्षद मुकेश कुमार बैरवा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी और संत शिरोमणि महर्षि बालीनाथ जी महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया।अध्यक्ष हीरालाल बैरवा ने बताया कि समाज में व्याप्त रूढ़िवादी कुरीतियां त्याग कर और बाल विवाह नहीं करने की शपथ दिलाई सामाजिक चर्चा व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सामाजिक जागृति कैलेंडर 2025 का विमोचन किया। वक्ता गोपाल लाल, चेतन प्रकाश, बाबूलाल, पारस मल, सत्यनारायण, नन्दलाल, रामचन्द्र और कोषाध्यक्ष हरिशंकर बैरवा ने शिक्षा, व्यवसाय, कानून के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार बैरवा ने किया।

# गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफा लेने और माफी मांगने की मांग, अंबेडकरवादी संगठनों का विरोध प्रदर्शन

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण। धौलपुर।** डॉ.अंबेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन (अजाक) धौलपुर के नेतृत्व में धौलपुर जिले के अनेकों अंबेडकरवादी संगठनों ने गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा संसद में दिए गए अपमानजनक बयान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। गृहमंत्री ने हाल ही में संसद में बयान देते हुए कहा था, ₹आजकल फैशन हो गया है अंबेडकर अंबेडकर अंबेडकर, अगर इतनी ही बार भगवान का नाम लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।₹ इस बयान के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए अंबेडकरवादी संगठनों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा और गृहमंत्री



से इस्तीफा लेने तथा माफी मांगने की मांग की ज्ञापन में कहा गया कि गृहमंत्री अमित शाह का यह बयान अंबेडकर जी के प्रति नफरत और उनके विचारों का विरोध है। अंबेडकर जी ने भारतीय संविधान में हर भारतीय को समान अधिकार देने की बात की थी, और उनका यह बयान समाज में घृणा फैलाने वाला है। इससे यह साबित होता है कि गृहमंत्री एवं हिंदूवादी नेता हमेशा बाबा साहेब की समाजवादी, समतावादी, बंधुता, न्याय और धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों के खिलाफ रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष रामनाथ मेहरा (अजाक), डॉ. रतन सिंह (डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी), नरेंद्र सिंह नागर (अखिल भारतीय खटीक समाज), रमेश चंद्र साहू (महर्षि वाल्मीकि सेवा), हरी विलास रजक (रजक धोबी महा समिति), रोशन लाल बौद्ध (भारतीय बौद्ध महासभा), लक्ष्मण सिंह कोली (अखिल भारतीय कोली समाज), और हीरालाल सरेखी (सामाजिक जाटव विकास समिति) सहित सैकड़ों अंबेडकरवादी नेता और कार्यकर्ता शामिल थे। सभी अंबेडकरवादी संगठनों ने गृहमंत्री के बयान को अपमानजनक और अंबेडकर जी के प्रति घृणा जताने वाला बताया। उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति से गृहमंत्री के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की और यह भी कहा कि जब तक गृहमंत्री इस्तीफा नहीं देते और माफी नहीं मांगते, उनका आंदोलन जारी रहेगा।
सामाजिक संगठनों का कहना है, कि गृहमंत्री का बयान अंबेडकर जी के द्वारा किए गए सुधारवादी आंदोलनों और उनके समाजवादी विचारों का घोर अपमान है। अंबेडकर जी ने भारत में समानता, न्याय और बंधुत्व की नींव रखी थी, और उनके प्रति इस तरह के अपमान से समाज में असंतोष और आक्रोश फैल रहा है।
यह प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा, जब तक गृहमंत्री से माफी नहीं मंगवायी जाती और उनका इस्तीफा नहीं लिया जाता।

## सुनीपुर में गंदगी और कीचड़ से परेशान लोग, महिलाओं और बच्चों की हालत गंभीर, विधायक और प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण। धौलपुर।** जिले के ग्राम सुनीपुर के मुख्य रास्ते में गंदगी और कीचड़ जमा होने से महिलाओं, बच्चों और अन्य राहगीरों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। महिलाएं और बच्चे रोज़ इस कीचड़ में गिरकर घायल हो रहे हैं, जिससे उनका चलना- फिरना भी मुश्किल हो गया है। मदसिंह जाटव ने बताया कि संतराम के घर से फूटीपाल तक सीसी खरंजा और पक्की नाली निर्माण की मांग की है। भूरी देवी दिवाकर ने यह बताया कि इस मुख्य रास्ते से कई गावों के छात्र-छात्राएं सुनीपुर गांव के विद्यालय में पढ़ने आते हैं, और कीचड़ में गिरकर चुटैल हो जाते हैं। जैसे केसरीपुरा, देऊआपुरा, हडियाझारन कापुरा, यह सीधा



रास्ता बिसीनिगिरी बाबा को भी निकलता है, इस रास्ते से दुखिया - धधिया एवं बाबा के दर्शन करने के लिए हजारों यात्री आते - जाते हैं, इस कीचड़ में गिरकर चुटैल भी होते हैं। स्थानीय लोग आरोप लगा रहे हैं, कि कई बार विधायक और सरपंच से समस्या के समाधान की अपील की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्वच्छ भारत अभियान के तहत करोड़ों रुपये खर्च हो रहे हैं, फिर भी सुनीपुर गांव में गंदगी भरे कीचड़ में होकर लोगों को निकलना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द समाधान की अपील की है, ताकि महिलाओं, बच्चों और राहगीरों को राहत मिल सके। इस मुद्दे पर ग्राम सुनीपुर के लोग लगातार विरोध कर रहे हैं। और उन्होंने यह भी कहा कि यदि प्रशासन और विधायक ने इस समस्या का समाधान नहीं किया तो वे और बड़े विरोध प्रदर्शन का रास्ता अपनाएंगे। उपस्थित लोगः मेदसिंह जाटव, निरोती जाटव, रामवीर सिंह, धर्म सिंह, भंवर सिंह, माखन सिंह, दिनेश कुमार, ठाकुरदास, गोपाल बघेला, भूरी दिवाकर, देवी सिंह, रोहित तरुण, बालवीर बघेला, अरुण कुमार हरिजन आदि लोग शामिल थे।

## वाल्मीकि महासभा राष्ट्रीय सह संयोजक मीडिया सेल के बनने पर अभिनन्दन किया



**चमकता राजस्थान/चित्तौड़गढ़।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल रामगोपाल राजा ने प्रदेश एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों की सदस्यों की नियुक्ति करते हुए चित्तौड़गढ़ के राजेश लोट को मीडिया सेएल एवं आईटी प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय सहसंयोजक नियुक्त किया गया।
राजेश लोट के राष्ट्रीय सहसंयोजक बनने पर चित्तौड़गढ़ वाल्मीकि समाज के हजारों लोगों ने कलेक्ट्रेट पर राजेश लोट का भव्य स्वागत किया। राष्ट्रीय मीडिया सेल के सहसंयोजक ने बताया की अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा पूरे भारत में वाल्मीकि समाज के हितों के लिए निरंतर कार्य कर रही है। अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा द्वारा निरंतर संघर्ष से वाल्मीकि समाज के हितों का संरक्षण किया जा रहा है। ऐसे महत्वपूर्ण संगठन का पदाधिकारी बनकर मुझे बहुत ही हर्ष महसूस हो रहा है।
विधि सलाहकार गिरिराज राठौड़ ने राजेश लोट का स्वागत करते हुए कहा कि वाल्मीकि समाज के हितों के लिए आप निरंतर संघर्ष करते रहेंगे।
प्रो. निर्मल देसाई ने बताया कि इस अवसर पर प्रभुलाल कंडारा, रणजीत लोट, ओम प्रकाश लोट, सुरेश कोदली, पूर्व पार्षद दिलीप बेनीवाल, राधेश्याम गावरी, सुभाष घारु, गोपेश कोदली, शिव कोदली, अनिल बारेसा, हरीश गुरनानी, राहुल मेनारिया, कमल गुर्जर, राजकुमार गांछा, प्रहलाद बूरठ, नरेंद्र लोट, भगवती लाल घारू,जीवन कोदली, राजेंद्र कोदली गांधीनगर, अजय घारु, तरुण लोट, आनंद घावरी, संतोष टांक, मनोज राठौर, मुकेश गावरी, महेश टांक, अजय लोट, पंकज लोट, सन्नी लोट, आशीष लोट, शिवम लोट, रोहित गोरण, सुमेर गोरण, भेरू गंगोट, मुकेश सिंगोलिया, अर्जुन घावरी, प्रदीप लोट, नितेश गोयर, कमलेश लोट, राहुल लोट ,डगला खेड़ा, आशु खोखर, मयंक, हिम्मत सिंह, गौरव आचार्य, पारस लोट, गिरवर गंधर्व, विजय सिंह, राहुल लोट गांधीनगर, पारस घारू, भैरू राठौड़ जगदीश गेंगट, विजय चौहान, दीपक लोट, शेरू सिंगोलिया, सूरज कंडारा, वासु बूरट, अखिलेश छापरवाल, रोहित मल्होत्रा, वासु देशबंधु, सन्नी खोखर, करण नकवाल, हेमंत चौहान, वासु लोट, कमलेश खोखर, प्रवीण नकवाल, आलोक बेनीवाल, रतन बेनीवाल,आदि उपस्थित रहे।

## देवनानी ने किए मोती डूंगरी गणेश मंदिर के दर्शन प्रदेश की खुशहाली की कामना की *

- सनातन में बढ़ी जन श्रद्धा- देवनानी
- विधानसभा अध्यक्ष से नववर्ष पर मिले पक्ष और प्रतिपक्ष नेता



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष से वर्ष 2025 के आरंभ होने पर पक्ष और प्रतिपक्ष के नेताओं ने मुलाकात की। देवनानी से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मिलकर वर्ष 2025 के आरंभ होने पर बधाई दी। श्री देवनानी ने भी मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष को वर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी।
गणेश मंदिर में पूजा कर प्रदेश की खुशहाली और विधानसभा में सार्थक चर्चा की कामना की- विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने वर्ष 2025 की शुरुआत के प्रथम दिवस पर मोती डूंगरी स्थित गणेश मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। देवनानी ने 16वीं राजस्थान विधानसभा के आने वाले तीसरे सत्र के शांतिपूर्ण संचालन और सार्थक चर्चा होने के लिए भी ईश्वर से कामना की।

- **सनातन में बड़ी जन श्रद्धा-**

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि वर्ष 2025 की शुरुआत के प्रथम दिवस पर शहर के विभिन्न आध्यात्मिक स्थलों पर जन सैलाब पहुंचा। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक स्थलों पर लोगों का इतनी बड़ी संख्या में पहुंचना सनातन में जन श्रद्धा के बढ़ने का परिचायक है। देवनानी ने बताया कि मोती डूंगरी गणेश मंदिर में जब वे दर्शन के लिए पहुंचे तब वहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सत्यनारायण जांगिड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुई भारतीय किसान संघ की बैठक



**चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक/ श्रीनगर :-अजमेर।** नसीराबाद बैठक में ग्राम तिहारी क्षेत्र के किसानों के सामने मूंग बेचने को लेकर हो रही समस्या पर विचार किया गया। आसपास के किसान अपनी मूंग की बोरियों को लेकर सभी मंडियों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन मंडियों में मूंग की खरीद नहीं हो रही है।किसान के घर में मूंग आए हुए चार-पांच महीने हो गए हैं। वह तब से परेशान है । श्रीनगर किसान संघ की बैठक में किसानों ने उपस्थित देकर अपनी समस्या बताई। अध्यक्ष सत्यनारायण जांगिड़ ने किसानों को आश्वासन दिया कि जिला कलेक्टर तथा जिला अध्यक्ष को अवगत कराकर समस्या का समाधान किया जाएगा। बैठक में भारतीय किसान संघ श्रीनगर इकाई का गठन करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से लिया गया। श्रीनगर ब्लॉक के प्रत्येक गांव में भारतीय किसान संघ की ओर से ग्राम इकाई समितियां का गठन किया जाएगा। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के किस सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे ।श्रीनगर में किसान संघ समिति का गठन किया गया । सर्वसम्मति से अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव,मंत्री कुलदीप जोशी, युवा प्रमुख कमलेश नागर ,महिला प्रमुख रीना चौहान ,व्यसन मुक्ति प्रमुख नंदा गुर्जर, स्वच्छता प्रमुख गोवर्धन माली,जैविक प्रमुख राजवीर हिनौनिया, गौ सेवा प्रमुख हंसराज रावत, जल संरक्षण प्रमुख बिशन लाल कच्छावा,पर्यावरण प्रमुख मोहनलाल यादव सुरक्षा प्रमुख रघुनंदन पारीक को नियुक्त किया गया ।

## एन डब्लू आर ई यू प्रधान कार्यालय शाखा ने ने किया नववर्ष कैलेंडर का विमोचन

चमकता राजस्थान

जयपुर। नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन के महामंत्री मुकेश माथुर व प्रधान कार्यालय शाखा पदाधिकारियों ने प्रधान कार्यालय जीएलओ शाखा के नव वर्ष 2025 के कलेंडर का विमोचन किया। इसके पश्चात शाखा सचिव राजीव सारण, शाखा अध्यक्ष प्रेम नारायण, सहायक महामंत्री मीना सक्सेना एवं शाखा पदाधिकारियों



ने प्रधान कार्यालय के समस्त कर्मचारियों से मुलाकात करके नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ कलेंडर का वितरण किया। इस अवसर पर नारायण सिंह, इन्द्रपाल सिंह तंवर, उत्तम बाथरा, नूतन प्रकाश प्रजापति, सुनील माथुर, महेश बोहरा, धर्मेश बैरवा, पवन जुनेजा, योगेश शर्मा, सीताराम शर्मा, दौलत सिंह, त्रिलोचन सिंह, समित प्रताप सिंह, शिव कुमार, चेतन प्रकाश शर्मा, मोहन शर्मा, शंकर लाल, शैलेंद्र जोशी, दान सिंह, शुभम भारद्वाज, मनोज मीना, शंकर यादव, राजीव बड़सर, विभा तापड़िया, सोनल माथुर, पारुल माथुर, आरती अग्रवाल, लक्ष्मी धाभाई, आकृति गोयल एवं अन्य साथी उपस्थित थे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929